दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



'बिग बॉस 20' में छाईं, खुशी से झूमे निरहुआ

वज्र से जुड़े मोहित, विलेन के रूप में आएंगे

वर्ष : 12 | अंक : 324 | लखनऊ, 23 नवम्बर ,सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

अलप्पुझा में कांग्रेस कार्यकर्ता समेत 5 अरेस्ट

अलप्पुझा (केरलम)। केरलम के अलप्पुझा जिले के मक्केकावला में युवा कांग्रेस के एक स्थानीय



कार्यकर्ता समेत पांच लोगों को 11.6 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये सभी थाइकट्टुस्सेरी के निवासी हैं। गोपनीय सूचना के आधार पर पूचाकल पुलिस ने शनिवार रात मक्केकावला में कार जब्त कर ली।

असम में मादक पदार्थ जब्त, 7 गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पुलिस ने 3 अलग अभियानों के दौरान प्रतिबंधित यावा टैबलेट



सहित मादक पदार्थ जब्त कर 7लोगों को गिरफ्तार किया है। सीएमओ के अनुसार पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 हजार संदिग्ध यावा टैबलेट और करीब 184 ग्राम अन्य संदिग्ध मादक पदार्थ और दो वाहन जब्त किए हैं।

राज्यसभा सांसद रामराव वडकुटे का निधन

नई दिल्ली। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ नेता रामराव वडकुटे के निधन पर राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने दुख जताया है। राष्ट्रपति की मुर्मु ओर से एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, राज्यसभा सांसद रामराव सखाराम वडकुटे के निधन से बहुत दुख हुआ। वे लोगों की भलाई के लिए समर्पित थे।

पुणे की इमारत के पार्किंग में आग

पुणे। पुणे के कोंढवा इलाके में रविवार तड़के 4मंजिला एक इमारत के पार्किंग क्षेत्र में आग



लगने के बाद लगभग 35 निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसमें 18 वाहनों को नुकसान पहुंचा। भाग्योदय नगर की लेन नंबर 34 स्थित आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली।

एससीओ सभ्यता संवाद मंच से बोले केंद्रीय मंत्री शेखावत

आयोजन में विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया देशों में बढ़ रहीं नजदीकियां

हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत व परंपराएं एससीओ देशों को जोड़ेंगी

'पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यता संवाद मंच' के दूसरे दिन कई सत्रों का आयोजन हुआ। इन सत्रों में सभ्यताओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों पर विचार मंथन किया

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की मेजबानी में नई दिल्ली में 20 से 22 नवंबर को आयोजित 'पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यता संवाद मंच' के दूसरे दिन कई सत्रों का आयोजन हुआ। इन सत्रों में सभ्यताओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों, कला एवं वास्तुकला में साझा विरासत तथा ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया। इन सत्रों में एससीओ सदस्य देशों एवं संवाद भागीदार देशों के मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, इतिहासकार तथा कला और संस्कृति के विशेषज्ञ एक साथ आए। दिनभर चली चर्चाओं में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, साझा कलात्मक परंपराओं और विभिन्न सभ्यताओं के बीच ऐतिहासिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विचार व्यक्त किए।

दूसरे दिन सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों, कला, वास्तुकला तथा ऐतिहासिक व्यापार संबंधों पर चर्चा की

कई देशों के मंत्री, वरिष्ठ प्रतिनिधि भी पहुंचे

शिक्षाविद्, इतिहासकार तथा कला और संस्कृति के विशेषज्ञ रहे शामिल



आईओएनसीए आयोजन का नॉलेज पार्टनर

शेखावत ने पहले-दूसरे सत्र की अध्यक्षता की

शेखावत ने कार्यक्रम के दूसरे दिन 'सभ्यतागत एवं सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां' विषय पर पहले और दूसरे संयुक्त सत्रों की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐतिहासिक संबंधों ने देशों को एक-दूसरे के करीब लाने में अहम भूमिका निभाई है। समझ, विश्वास को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक सहयोग जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया था। इसका उद्देश्य एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना, साझा सभ्यतागत विरासत के माध्यम से आपसी समझ एवं सहयोग को बढ़ावा देना तथा सांस्कृतिक संवाद के लिए नए अवसर उत्पन्न करना है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र इस आयोजन का नॉलेज पार्टनर है।

विदेश मंत्रालय ने सारांश प्रस्तुत किया

विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के लिए राष्ट्रीय समन्वयक, आलोक डिमरी ने पहले सत्र के दौरान हुई चर्चाओं का सारांश प्रस्तुत किया। एससीओ के दृष्टिकोण से अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से सामने आया है कि अब इस संगठन को अपनी सुरक्षा-केंद्रित सोच से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चर्चाओं के दौरान कई साझा विषय र सामने आए, जिनमें सांस्कृतिक नेटवर्क, जलवायु, युवा, डिजिटलीकरण और संयुक्त परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि चर्चाओं में इस बात पर बल दिया गया कि संस्कृति को राज्य और सरकारी संस्थानों के दायरे से आगे बढ़ाकर लोगों के करीब लाया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह मंच दिलों एवं विचारों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

वैदिक प्रार्थना की भावना की गहराई बताई

उन्होंने कहा कि आज की चर्चाएं उस शाश्वत वैदिक प्रार्थना की भावना से गहराई से जुड़ी हैं जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने किया था। 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम।' इसका अर्थ है, आइए हम सब मिलकर चलें, मिलकर विचार-विमर्श करें और हमारे मन एक-दूसरे के साथ सामंजस्य में हों। उन्होंने कहा कि हमारी सभ्यताएं अतीत की विरासतें तक सीमित नहीं हैं।

संस्कृति मंत्रालय ने स्वागत भाषण दिया

संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण एवं सम्मेलन के विषयों के लिए परिचय देते हुए कहा कि 'एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम' सदस्य देशों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक संबंधों और साझा सभ्यतागत मूल्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, साथ ही वह विचारों के आदान-प्रदान को भी सुगम बनाता है।

इससे सभ्यतागत समझ बढ़ेगी

उन्होंने बल दिया कि संवाद, संस्थागत साझेदारी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सार्थक सहयोग के माध्यम से सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने साझा सभ्यतागत ज्ञान और विरासत का उपयोग होना चाहिए। यह मंच एससीओ के सदस्य देशों के बीच सभ्यतागत समझ को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने के लिए एक स्थायी माध्यम के रूप में उभरेगा।

चंडीगढ़ में बोले भाजपाध्यक्ष नवीन

राहुल विदेश दौरे में भारत का अपमान कर रहे, उन्हें केवल परिवार की चिंता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पंजाब के चंडीगढ़ में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी दौरे में भारत का अपमान करते हैं। उन्हें सिर्फ परिवार की चिंता रहती है। ये लोग पार्ट-टाइम राजनेता हैं। ऐसे लोग इसी मिट्टी से आते हैं यहीं का खाते हैं और विदेश जाकर इसी मिट्टी का अपमान करते हैं। उन्हें भारत के विकास की गति पर दुख होता है। वे कहते हैं कि भारत की इकोनॉमी डिजास्टर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व विदेश में जाकर भारत की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को लेकर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता है जिससे देश का अपमान होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा विदेशी टूलकिट या इशारे पर काम नहीं करती।

आर्थिक विकास के आंकड़े भी दिए

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत 7.1 प्रतिशत विकास दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 50 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से आगे बढ़ रहे हैं और भारत मैनपावर से मैन्युफैक्चरिंग पावर बनने की ओर अग्रसर है।

हमारे कार्यकर्ता हर क्षण कार्य कर रहे

नितिन ने कहा कि लोग अक्सर पूछते हैं कि चुनाव आ गए हैं तो अब भाजपा कार्यकर्ता क्या करेंगे? लेकिन मैं हमेशा कहता हूं कि भाजपा कार्यकर्ता साल के 365 दिन, 24/7 काम करते हैं। उनके लिए चुनाव का आना या खत्म होना कोई मायने नहीं रखता। हमारे भाजपा कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच रहते हैं और अपने साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं।

वोट चोरी के दावे को पूरी तरह 'नासमझी' बताया

वोट चोरी के मुद्दे पर नितिन ने कहा कि लोग पूछते हैं, वोट कैसे चोरी हो गया? सच यह है कि वोट चोरी नहीं हुआ है। जिनकी जमीन खिसकी है, उन्हें ही लगता है कि वोट चोरी हुआ है। 13 करोड़ लोगों के नाम कटने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन13 करोड़ में से 2.8 करोड़ लोग मर चुके हैं। 6.3 करोड़ लोग बाहर जा चुके हैं। 1 करोड़ लोग डुप्लीकेट है और 3 करोड़ लोग मौजूद ही नहीं हैं?

5 राज्यों के लिए सर्दी का अलर्ट

9 डिग्री तक लुढ़केगा पारा विजिबिलिटी रह जाएगी 50

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर भारत में ठंड अब तेजी से अपने तेवर दिखाने लगी है। सुबह-शाम की सिहरन लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग यानी आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड का असर और गहरा हो सकता है।पंजाब से लेकर हिमाचल और ओडिशा के कुछ हिस्सों में विजिबिलिटी गिरकर 50 से 100 मीटर तक सिमटती नजर आ रही है। सड़क पर वाहन लेकर निकलने वालों को संभलकर वाहन चलाने की सलाह दी है। हिमाचल प्रदेश में ठंडी हवाओं के साथ सर्दी का जोर बढ़ेगा। सुंदरनगर जैसे क्षेत्रों में विजिबिलिटी घटने से कोहरे का असर दिखा है।यूपी में मौसम मिला-जुला रुख दिख रहा है। पूर्वी हिस्सों में कोहरे के साथ हल्की बारिश की संभावना है। बिहार में कोहरे की चादर से सड़क और रेल आवाजाही पर असर पड़ सकता है।

सीएम रेड्डी के बयान पर तूफान

रेड्डी ने कहा 'पागल कुत्ता' तो कांग्रेस नेताओं ने ही घेर लिया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



तेलंगाना कांग्रेस में सीएम रेवंत रेड्डी के एक विवादित बयान पर सियासी तूफान छिड़ गया है। पार्टी के भीतर सरकार की आलोचना करने वाले नेताओं को 'पागल कुत्ते' कहने पर कांग्रेस विधायक कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने पलटवार किया है। उन्होंने सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे नेताओं को मर्यादा में रहकर बयान देने की नसीहत दी। साथ ही अहंकार, भ्रष्टाचार को लेकर भी निशाना साधा। रेड्डी ने वरंगलहोपेट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के उन नेताओं पर निशाना साधा था, जो सार्वजनिक मंचों से सरकार की आलोचना करते हैं, लेकिन निजी तौर पर सरकार की तारीफ करते हैं। रेड्डी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, पार्टी के कुछ नेताओं को लगता है कि जैसे उन्हें 'पागल कुत्तों ने काट लिया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराएं।

फेरिस व्हील की सवारी



अजमेर। रविवार को राजस्थान के अजमेर जिले में वार्षिक पुष्कर मेले के दौरान पर्यटक रोशनी से जगमगाते फेरिस व्हील की सवारी का आनंद लेते हुए।

हैदराबाद में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन लीगल एजुकेशन में बोले सीजेआई

एआई पर बैन न लगाएं, जिम्मेदारी से इस्तेमाल सिखाएं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कानूनी शिक्षा के मौजूदा तौर-तरीकों में बदलाव को लेकर जरूरी बातें कही हैं। उनका मानना है कि लॉ की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि छात्रों को अदालतों में काम करने और वास्तविक कानूनी समस्याओं को समझने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलना चाहिए। उन्होंने लॉ के छात्रों के ग्रेजुएशन की शर्तों में कानूनी सहायता से जुड़े काम को शामिल करने की सलाह दी है। सीजेआई ने यह हैदराबाद में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन के पहले सालाना इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन लीगल एजुकेशन 2026 के उद्घाटन सत्र में कही।

सीजेआई ने कहा छात्रों को वास्तविक कानूनी समस्याओं को समझने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिलना चाहिए

सीजेआई ने लॉ स्कूलों को दी सलाह



एआई से फैसले में अंतर होना भी संभव

उनके अनुसार भविष्य के वकीलों और जजों के लिए यह समझना जरूरी है कि एआई की मदद से मिलने वाली जानकारी और इंसानी दिमाग से लिए गए फैसलों में अंतर होता है। लॉ के छात्रों को तकनीक का इस्तेमाल करना आना चाहिए लेकिन कानूनी मामलों में मानवीय समझ और स्वतंत्र फैसले लेने की क्षमता भी बनाए रखनी होगी।

जारी करनी चाहिए गाइडलाइन

सीजेआई ने कहा कि लॉ स्कूलों को एकेडमिक काम में एआई के इस्तेमाल और जानकारी देने के बारे में साफ गाइडलाइंस बनानी चाहिए। कॉमनवेल्थ देशों के लॉ स्कूलों और जर्नल्स के लिए मॉडल गाइडलाइंस बनाने के लिए सीएलईए से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि एआई लीगल रिसर्च में मदद कर सकता है, लेकिन स्टूडेंट्स को इसके आउटपुट को प्राइमरी सोर्स से

क्लासरूम एक्सरसाइज से आगे बढ़ाना चाहिए

सीजेआई ने ग्रेजुएशन के लिए लीगल एड वर्क का कम से कम समय जरूरी करने का प्रस्ताव रखा और तय जरूरत से ज्यादा काम करने वाले छात्रों को एक्स्ट्रा एकेडमिक क्रेडिट देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लीनिक को क्लासरूम एक्सरसाइज से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने एविडेंस, क्रिमिनल प्रोसीजर, फैमिली लॉ और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में प्रैक्टिकल एक्सरसाइज का भी सुझाव दिया है।

अलग- अलग हादसों में 16 की 'असमय' मौत

प्रधानमंत्री ने जताया शोक, आर्थिक सहायता का ऐलान भी किया

कोटा-उदयपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में 9 की गई जान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात में भीषण सड़क हादसा

सैन्य परिवारों के 7 सदस्य काल कवलित

कच्छ। गुजरात के कच्छ जिले में भुज-खावड़ा नेशनल हाईवे पर एक कार के ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण, सेना के जवानों के परिवारों के 7



सदस्यों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री ने घटना पर शोक व्यक्त किया और जान गंवाने वालों के परिजनों को 2-2 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। यह भयानक हादसा शनिवार रात को हुआ, जब पीड़ित कच्छ के रण घूमने के बाद भुज से लौट रहे थे। उनकी कार एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई थी। मृतकों में 2पुरुष, 2 महिलाएं और 3 बच्चे हैं।

राजस्थान के कोटा जिले में कोटा-उदयपुर हाईवे पर शंभूपुरा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की असमय मौत से शोक की लहर है। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। इस दर्दनाक घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का एलान किया है। घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

अधिवक्ता के बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, 10 हजार नकद व जरूरी कागजात पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने एक अधिवक्ता के बंद मकान को निशाना बनाकर हजारों की नगदी और जरूरी कागजात पार कर दिए।जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के चंद्रावल स्थित चंद्रभान गुप्ता लॉ कॉलेज के निकट शौर्य एल्डिको निवासी अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव गए हुए थे। इसी दौरान 13 नवंबर की रात दो से चार अज्ञात चोर घर में घुस आए और फ्रिज पर रखे पर्स से दस हजार रुपये और जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। अगले दिन सुबह घर लौटने पर उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें रात करीब 1:40 बजे अज्ञात लोग घर में दाखिल होते दिखाई दिए। पीड़ित ने अपने स्तर से चोरों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

काशी में धूमधाम से मनाया गया पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र का 88वां जन्मदिन

राष्ट्रसेवा, संगठन निष्ठा और सादगी के प्रतीक कलराज मिश्र को जन्मदिन पर दी गई शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार



वाराणसी। काशी की पावन नगरी में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व राज्यपाल एवं भारतीय मनीषी परिषद के संरक्षक कलराज मिश्र का 88वां जन्मदिन रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। भारतीय मनीषी परिषद की ओर से कैंटोनमेंट स्थित होटल मिडास में भव्य जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर कलराज मिश्र को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

समारोह स्थल को फूलों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उपस्थित लोगों ने कलराज मिश्र को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण उत्साह, आत्मीयता और उल्लास से सराबोर रहा। वक्ताओं ने कहा कि कलराज मिश्र का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और सादगी का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान की। प्रदेश सरकार में वरिष्ठ मंत्री तथा केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके बाद राज्यपाल के संवैधानिक पद पर रहते हुए उन्होंने अपने अनुभव, विद्वता और कर्तव्यनिष्ठा से समाज को मार्गदर्शन दिया। उनका व्यक्तित्व आज भी भाजपा के कार्यकताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत है। अपने संबोधन में कलराज मिश्र ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि काशी की पावन धरती और आप सभी का स्नेह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वरिष्ठ भाजपा नेता राजन मिश्रा एवं अमन लेखनी दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक डॉ0 राजकुमार सिंह चौहान ने श्री मिश्र को जन्म दिन की शुभकामनाएं देते हुए सुदीर्घ जीवन की कामना की, उक्त नेताओं ने कहा कि

श्री मिश्र का जीवन भाजपा के लिए समर्पित रहा और उन्होंने भाजपा कार्यकताओं को सदैव स्नेह प्यार दिया उनके कार्यकाल की आज भी भाजपा के कार्यकर्ता सराहना करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री वीरेन्द्र तिवारी, भारतीय मनीषी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यासागर पाण्डे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशिप्रकाश मिश्र, काशी महानगर अध्यक्ष नीरज चौबे, ओंकार मिश्र, जय प्रकाश तिवारी, वैभव राय, बृजनन्दन सिंह, सोनू, आशू दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश चंद्र त्रिपाठी ने किया।

चार बूथों पर 75 नए मतदाताओं के नाम जुड़े, युवाओं में दिखा उत्साह



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद विकासखंड की जिंदौर ग्राम पंचायत के बाकीनगर (रहीमाबाद) में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत चार बूथों पर 75 नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए। अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं ने बढ़-चढ़कर पंजीकरण कराया। पहली बार मतदाता बनने को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। अभियान के तहत बूथ संख्या 202 पर बीएलओ संतोष कुमारी ने 13, बूथ संख्या 203 पर बीएलओ समीना आरिफ ने 12, बूथ संख्या 204 पर बीएलओ अंशुमा गुप्ता ने 20 और बूथ संख्या 205 पर बीएलओ अख्तियार हुसैन ने 30 नए मतदाताओं के नाम दर्ज किए। इसी क्रम में बाकीनगर निवासी शाकिब के पुत्र हुसैन ने 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर पहली बार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। नए मतदाता के रूप में पंजीकरण होने पर युवाओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने को लेकर उत्साह दिखा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना, नामों में संशोधन करना और सूची की त्रुटियों को दूर करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

यूपी दर्शन पार्क में सजेगा 'अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव'

आज से 26 नवंबर तक दिखेगी देश-विदेश की जनजातीय संस्कृति

अमन लेखनी समाचार

- कजाकिस्तान, जिम्बाब्वे और मालदीव के कलाकार भी आएंगे लखनऊ

लखनऊ। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनजातीय संस्कृति, लोककला और परंपराओं की विविधता एक ही मंच पर दिखेगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर लखनऊ में 23 से 26 नवंबर तक 'अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव' होगा।

गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में होने वाले इस चार दिवसीय उत्सव में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी संस्कृति से परिचित कराएंगे। खास बात यह है कि कजाकिस्तान, जिम्बाब्वे और मालदीव के विदेशी सांस्कृतिक दल भी इसमें शामिल होंगे। उत्सव में शिल्प मेला, पारंपरिक कलाओं की कार्यशालाएं, लोकगायन, नाटक और जनजातीय व्यंजनों के जरिए भारत सहित विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलेगी।

उत्सव की शुरूआत 23 नवंबर को सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा से होगी। यह शोभायात्रा अपराह्न तीन बजे 1090 चौराहे से शुरू होकर यूपी दर्शन पार्क, गोमती नगर पहुंचेगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही उत्सव स्थल पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक शिल्प मेले का आयोजन होगा, जहां जनजातीय हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं को देखने और उनसे जुड़ने का अवसर मिलेगा। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और लोककलाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। जनजातीय समुदायों की परंपराएं हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक विविधता की अनमोल धरोहर हैं। इनकी कला, लोकसंगीत, नृत्य, शिल्प और जीवनशैली में पीढ़ियों से संचित ज्ञान समाहित है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल इन परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवा पीढ़ी भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ेगी। उन्होंने बताया कि विदेशी कलाकारों सहित विभिन्न राज्यों के कलाकारों की सहभागिता सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई दिशा देगी और उत्तर प्रदेश को देश-विदेश की जनजातीय संस्कृतियों के साझा मंच के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। 25 और 26 नवंबर को विशेष आमंत्रित विदेशी सांस्कृतिक दल कजाकिस्तान, जिम्बाब्वे और मालदीव की प्रस्तुतियों से उत्सव में अंतरराष्ट्रीय रंग भरेंगे। अंतिम दो दिनों के कार्यक्रमों में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष पर आधारित झारखंड का नाटक धरती आबा विशेष आकर्षण रहेगा। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कई अन्य आकर्षण भी होंगे।

भाजपा सरकार ने हजारों स्कूल बंद कराये : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने धार्मिक कथाओं और भगवानरामको लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने साफ कहा कि सपा कथा के खिलाफ नहीं है, बल्कि भगवानराम, उनके पिता और भगवान कृष्ण के बारे में अपमानजनक विचार रखने वालों के खिलाफ है। अखिलेश ने सवाल उठाया कि भगवान राम के पिता के बारे में कोई इस तरह की बात कैसे कह सकता है? अगर हममें से कोई ऐसा कह देतो क्या होगा? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोगोंने तो अपने कार्यक्रमों में हनुमान जी को भी नचाया। भाजपा से आखिर क्या उम्मीद की जा सकती है? सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की बात मानने से भविष्य बर्बाद होगा, इसलिए उसकी बात ही नहीं माननी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि सरकार जाने से पहले ही भाजपा में बंटवारे कीलड़ाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि डिक्शनरी में लंपट जैसा शब्द भी आ गया है। अखिलेश ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहाकि वह लोगों को न्याय नहीं दिलाना चाहते। उन्होंने भाजपा नेताओं के काफिलों से हुई मौतों का आंकड़ा पेश करते हुए तिकुनिया में थार गाड़ी से लोगों को कुचलने की घटना का भी जिक्र किया। गोरखपुर की घटना की निंदा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पीड़ित बच्चे के परिवार को भड़का रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में बंद किए गए 27 हजार स्कूलों को समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर फिर शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा पीडीए की कैबिनेट बनाएगी और पीडीए को मजबूत करने के लिए रूठे हुए लोगों को मनाने के साथ छूटे हुए लोगों को भी साथ जोड़ेगी।

रोडवेज बस में चढ़ते समय महिला की चेन चोरी, दो गिरफ्तार

उतरठिया अंडरपास पर हुई थी वारदात, तीसरी आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में रोडवेज बस में चढ़ते समय महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की गई करीब 16 ग्राम वजन की सोने की चेन बरामद हुई है। वारदात में शामिल तीसरी आरोपी काजल की तलाश की जा रही है। विकास खंड निवासी अशोक कुमारी ने 21 नवंबर को पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उतरठिया अंडरपास के पास रायबरेली जाने के लिए रोडवेज बस में चढ़ते समय कुछ महिलाओं ने उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान रविवार को दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान गोरखपुर जिले के बड़हलगंज क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी सुनीता (30) और मुस्कान (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों और बसों में यात्रियों को निशाना बनाती थीं। बस में चढ़ने और उतरने के दौरान मौका देखकर चेन व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेती थीं। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की चेन मुस्कान को दे दी थी। दोनों चोरी का सामान आपस में बांट लेती थीं। पीजीआई थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। तीसरी आरोपी काजल की तलाश की जा रही है।

144 पीपीएस अफसरों का ट्रांसफर, कई जिलों के सीओ बदले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। आईएएस और पीसीएस के बाद अब पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने कई जिलों के सीओ का ट्रांसफर करते हुए 144 पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इतने बड़े स्तर पर हुए तबादले से विभाग में हड़कंप मचा है। ट्रांसफर को लेकर आदेश भी जारी हो गया। इसके अलावा दो अफसरों का तबादला निरस्त कर दिया गया है।

इसमें शोभित कुमार को पुलिस उपाधीक्षक, जनपद कानपुर देहात, दिलीप कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक, जनपद मीरजापुर, सुजीत कुमार दुबे पुलिस उपाधीक्षक जनपद अयोध्या, शुभम तोडी पुलिस उपाधीक्षक सम्भल, अतुल कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक महराजगंज, महेन्द्र कुमार शुक्ला पुलिस उपाधीक्षक महोबा, रवि कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक गोण्डा, आशुतोष तिवारी और राजेश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक हरदोई, नीलेश मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर, प्रवीण कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक हापुड़, बृजमोहन राय पुलिस उपाधीक्षक एपीटीएस चुनार मीरजापुर, राजेश कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक शाहजहांपुर, ओंकार दत्त तिवारी सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद, कुलदीप कुमार गुप्ता

अनुज मिश्रा शाहजहांपुर के सीओ बने : पुलिस उपाधीक्षक मुजफ्फरनगर, रजनीश वर्मा पुलिस उपाधीक्षक बागपत, राजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस उपाधीक्षक सुलतानपुर, अनुज मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक शाहजहांपुर, चमन सिंह चावड़ा पुलिस उपाधीक्षक मथुरा बनाया गया है। इसके अलावा मधुप कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक बरेली, राजीव कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़, देश दीपक सिंह पुलिस उपाधीक्षक सहारनपुर, रामकरन सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, नितिन कुमार पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, सुनील कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, पवन कुमार सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, सिद्धार्थ गौतम सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, अरुण कुमार सिंह-क्ष पुलिस उपाधीक्षक जनपद खीरी, देव प्रकाश सहायक सेनानायक 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर, अमरीश कुमार सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, जितेन्द्र कुमार शर्मा पुलिस उपाधीक्षक हापुड़, सूर्यबली मौर्य पुलिस उपाधीक्षक देवरिया, संजय कुमार रेड्डी पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर, सुधाकर पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक कौशाम्बी, अरुण कुमार चौरसिया पुलिस उपाधीक्षक संतकबीरनगर, संतोष कुमार सिंह-श पुलिस उपाधीक्षक उन्नाव, भास्कर वर्मा सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, राधा रमण सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, हिमांशु माथुर पुलिस उपाधीक्षक मथुरा, परमानन्द कुशवाहा पुलिस उपाधीक्षक सहारनपुर, देवेश सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, संदीप सिंह पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, गिरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर बनाए गए हैं।

दिनेश दत्त मिश्र बने बाराबंकी में 10वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक : इसके अलावा रामवीर सिंह सहायक सेनानायक 04वीं वाहिनी एसएसएफ मथुरा, शमशेर बहादुर सिंह पुलिस उपाधीक्षक सुलतानपुर, राजीव सिरोही पुलिस उपाधीक्षक मथुरा, रत्नेश सिंह पुलिस उपाधीक्षक सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ, सुनील कुमार सिंह-क्क पुलिस उपाधीक्षक अम्बेडकरनगर, अजय कुमार-क्ष पुलिस उपाधीक्षक झांसी, दिनेश दत्त मिश्र सहायक सेनानायक 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, इमरान अहमद सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद, आशीष प्रताप सिंह पुलिस उपाधीक्षक आजमगढ़, दीपक दुबे पुलिस उपाधीक्षक बरेली, भूषण वर्मा पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, रविकान्त गौड़ सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, यादवेन्द्र यादव पुलिस उपाधीक्षक बरेली, अनिल कुमार शाही पुलिस उपाधीक्षक मुजफ्फरनगर, मंजय सिंह पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, राजेश कुमार-श पुलिस उपाधीक्षक ललितपुर, अजय सिंह चौहान पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र, पियूष पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर, अरुण कुमार सिंह-श्कपुलिस उपाधीक्षक अयोध्या, गौरव सिंह-कक्क पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर, आशुतोष कुमार पुलिस उपाधीक्षक रायबरेली बनाया गया है।

मुनेन्द्र पाल सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज : इसी तरह गजेन्द्र पाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक अमरोहा, रविकान्त पारासर सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी, धर्मेन्द्र सिंह पुलिस उपाधीक्षक मुरादाबाद, शकील अहमद सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, मुनेन्द्र पाल सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, शिव नारायन वैश्य सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, विधि भूषण मौर्य पुलिस उपाधीक्षक महोबा, विवेक यादव सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, यादवेन्द्र बहादुर पाल पुलिस उपाधीक्षक मीरजापुर, सुमन कनौजिया, सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा, राजवीर सिंह परिहार पुलिस उपाधीक्षक अमेठी, देव नारायण यादव सहायक सेनानायक 04वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, हर्ष पाण्डेय पुलिस उपाधीक्षक जौनपुर, अंजली कटारिया, पुलिस उपाधीक्षक बुलन्दशहर, किरन पाल सिंह पुलिस उपाधीक्षक फिरोजाबाद, अनिल कुमार सिंह-क्ष पुलिस उपाधीक्षक बदायूं बनाया गया है।

राधे-राधे से समाजवादी पार्टी को परेशानी : केशव मौर्य

लखनऊ। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गरीबों की दुश्मन हैं। धार्मिक नारों को लेकर समाजवादी पार्टी की प्रतिक्रिया पर मौर्य ने कहा कि जब जय श्रीराम का उद्घोष होता है तो सपा प्रमुख घबराते हैं और अब राधे-राधे के उद्घोष से भी उन्हें परेशानी होने लगी है।

राधे-राधे केवल नारा नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की भावना प्रकट करने का माध्यम है। हमने जब कहा कि 'राधे-राधे कमल खिला दे' तो समाजवादी पार्टी को अपनी पंचर साइकिल दिखाई नहीं दे रही, बल्कि उसे कमल मुरझाया हुआ दिखाई दे रहा है। यह उनकी सोच और दृष्टि का दोष है, उन्हें अपनी आंखों का इलाज कराना चाहिए। केशव मौर्य ने कहा, विपक्ष पिछड़ों और दलितों की विरोधी हैं तथा इन दलों से गरीबों के कल्याण की उम्मीद नहीं की जा सकती। इनका इतिहास गरीबों, वंचितों और शोषितों को केवल वोट बैंक समझने का रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करने का काम किया है। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकार बनने के बाद लगभग 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि भारत के विकास और गरीबों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस उपलब्धि को विश्व बैंक ने भी स्वीकार किया है, यह सरकार का अपना दावा मात्र नहीं है। पूरी दुनिया के लिए यह एक संदेश है कि जब सत्ता का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ सदुपयोग किया जाता है, तो करोड़ों लोगों का जीवन बदला जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि गरीबों का जीवन और खुशहाल बने।

भाजपा की ताकत विचारधारा व समर्पित कार्यकर्ता : राजनाथ

- सीएम धामी ने 2027 में जीत की हैट्रिक का जताया भरोसा
- सभी 70 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने का संकल्प
- हरिद्वार में भाजपा की दो दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति संपन्न

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। हरिद्वार (उत्तराखंड)- हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति के समापन अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को उसकी सबसे बड़ी पहचान बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा के लिए राजनीतिक सफलता से बढ़कर उसके सिद्धांत और आदर्श हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य सामने रखते हुए कार्यकताओं से अभी से जुटने का आह्वान किया। कार्यसमिति के अंतिम सत्र में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी राम माधव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों के विस्तार और सरकार के कार्यों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाने के विषयों पर चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की पहचान केवल उसकी चुनावी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उन विचारों से है, जिनके आधार पर पार्टी ने राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। उत्तराखंड में लगातार दो बार सरकार बनाने की सफलता कार्यकताओं की मेहनत, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल और उत्साह देखकर आगामी चुनाव में भी भाजपा की जीत का विश्वास मजबूत होता है।

उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति आवश्यक है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। घुसपैठ जैसी चुनौतियों से निपटने और देश के हितों की रक्षा के लिए दृढ़ निर्णय लेने वाली सरकार की जरूरत है। भाजपा हमेशा राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखकर कार्य करने की पक्षधर रही है। राजनाथ सिंह ने पार्टी के वैचारिक दर्शन की चर्चा करते हुए एकात्म मानववाद और अंत्योदय को भाजपा की कार्यसंस्कृति का आधार बताया। उन्होंने कार्यकताओं से अपेक्षा की कि वे इन आदर्शों को केवल भाषणों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने सामाजिक और राजनीतिक व्यवहार में भी उनका पालन करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की जनता के विश्वास और कार्यकताओं की सामूहिक शक्ति के आधार पर भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में नया इतिहास रचने की तैयारी कर रही है। वर्ष 2027 में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर पार्टी चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करते हुए पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी और अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की विशेषता उसका मजबूत और अनुशासित संगठन है। प्रदेश स्तर से लेकर जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी पार्टी को अन्य राजनीतिक संगठनों से अलग पहचान देती है। पन्ना प्रमुखों तक विस्तारित संगठनात्मक व्यवस्था के माध्यम से पार्टी का सीधा संपर्क आम जनता से बना रहता है। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता के लिए इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना होगा।

राधे-राधे कहने से भी सपा को क्यों है आपत्ति : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सपा मुखिया पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि राधे-राधे कहने पर उन्हें आपत्ति क्यों हो रही है? हम सनातन धर्म को मानने वाले हैं और ब्रज की पावन भूमि पर राधे-राधे कहना हमारी स्वाभाविक आस्था और संस्कृति का हिस्सा है। राधे-राधे के संबोधन पर सवाल उठाना समझ से परे है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने लखनऊ की उत्तर विधानसभा के फैजुल्लगंज में आयोजित मतदाता जोड़ो अभियान में मतदाताओं से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए, इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में अभियान चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान हमारी सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचे। यदि किसी कारणवश नाम छूट गया है या कोई त्रुटि है, तो निर्धारित समय के भीतर उसे ठीक कराने का प्रयास करें, ताकि चुनाव के समय मतदान से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया सह संयोजकहिमांशु दुबे, विधायक नीरज बोरा सहित मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मतदाता जोड़ो अभियान के मंडल के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में उनकी सहायता करें। पार्टी ने 22, 23 व 24 नवंबर को तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया है, जिसमें विधायक, प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर की टीमों के साथ न्याय पंचायत प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रमुख और बूथ प्रमुख सहित सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हैं।

श्री चौधरी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 17 नवंबर से 17 दिसंबर तक एक महीने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मतदाता सूची में छूटे हुए नामों को जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 तथा किसी नाम पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इसलिये मतदाताओं से इस अवसर का लाभ उठाने और समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

भीड़ जुटाने को थीम सांग का सहारा ले रही बसपा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी 6 दिसंबर को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर लखनऊ में भीड़ जुटाने के लिए थीम सांग का भी सहारा ले रही है। वीडियो के माध्यम से हर जिले से कार्यकताओं को श्रद्धासुमन कार्यक्रम में लखनऊ पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों की तरह बसपा भी रचनात्मक पोस्टर और वीडियो बनवा रही है। वहीं, मायावती भी चुनावी हुंकार भरेंगी। लखनऊ स्थित डॉक्टर अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर प्रस्तावित कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगी। लगभग एक साल बाद बसपा सुप्रीमो कार्यकताओं को खुले मंच से संबोधित करेंगी। विधानसभा चुनाव से पहले कार्यकताओं में जोश भरने का प्रयास करेंगी। वहीं सवा दो मिनट के वीडियो के जरिए बसपा ने रोजगार व कानून-व्यवस्था के मुद्दे को भी उठाया गया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव प्रचार से जुड़े कई अन्य वीडियो भी तैयार कराए जा रहे हैं।

संक्षेप

तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, गांव में मचा कोहराम

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के मवई गांव में रविवार दोपहर तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने ग्राम समाज की खाली जमीन पर खेल रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से निकालकर सीएचसी औरास पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार दोपहर करीब 3 बजे मवई गांव निवासी नन्हक्के का सात वर्षीय नाती कार्तिक कश्यप पुत्र राजेश और हरदोई जिले के बालामऊ थाना क्षेत्र के खजौना गांव निवासी अर्जुन का पांच वर्षीय बेटा आयुष कश्यप गांव में थे। आयुष अपने नाना नन्हक्के के घर आया हुआ था। खेलते समय दोनों बच्चे पास के तालाब में चले गए और गहरे पानी में डूबने लगे। कुछ देर तक बच्चे नहीं दिखे तो ग्रामीणों ने तालाब में तलाश शुरू की। उन्होंने दोनों को पानी से बाहर निकाला और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। आयुष अपने ननिहाल आया था, जबकि कार्तिक मवई गांव का रहने वाला था।सूचना मिलने पर औरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई और आगे की कार्रवाई शुरू की।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धारा में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, थाना बिहार क्षेत्र के निवासी शिकायतकर्ता बच्चन लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 18 वर्षीय साली के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और उसका कोई भाई भी नहीं है। परिवार में कोई अन्य देखरेख करने वाला न होने के कारण युवती की देखभाल और पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था शिकायतकर्ता ही कर रहे थे और वह उन्हीं के पास रह रही थी।तहरीर में आरोप है कि 20 नवंबर 2026 को दोपहर करीब एक बजे गांव का ही निवासी बिकास कुमार उनकी साली को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका।शिकायतकर्ता के मुताबिक, युवती अपने साथ सोने की चेन, अंगूठी, झुमकी, चांदी की पायल और कमर की करधनी सहित करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के जेवर तथा दस हजार रुपये नकद भी साथ ले गई है।सूचना के आधार पर 21 नवंबर 2026 को थाना बिहार में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह को सौंपी गई है। मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और युवती की तलाश के साथ ही संबंधित बिंदुओं पर पड़ताल जारी है।

हवाई हमले की स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 22.11.2026 को जनपद उन्नाव की रिजर्व पुलिस लाइन में हवाई हमले की स्थिति में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। उक्त मॉक ड्रिल जिलाधिकारी घनश्याम मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन प्रदीप कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रदीप कुमार मौर्य के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, एनसीसी कैडेट्स, नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेन्स), फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी/कर्मचारियों तथा नागरिक सुरक्षा वालंटियर्स द्वारा समन्वित रूप से प्रतिभाग किया गया। अभ्यास के दौरान निर्धारित समय पर सायरन/हूटर बजाकर हवाई हमले की चेतावनी एवं ब्लैक आउट की स्थिति उत्पन्न की गई। इस दौरान प्रकाश स्रोतों को नियंत्रित करने, सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टर की पहचान व उपयोग तथा आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति के नियंत्रित प्रबंधन, आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड द्वारा त्वरित अग्निशमन कार्यवाही, घायलों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा विभिन्न विभागों के मध्य संचार एवं समन्वय व्यवस्था की प्रभावशीलता का व्यावहारिक परीक्षण किया गया। सिविल डिफेन्स वालंटियर्स द्वारा आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए अनुशासन एवं संयम बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। अभ्यास के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं इकाइयों द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप समयबद्ध, अनुशासित एवं समन्वित ढंग से कार्यवाही की गई। उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी प्रतिभागी विभागों, सुरक्षा बलों एवं वालंटियर्स के समन्वित प्रयासों की सराहना की गई। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से जनपद में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों, विभागीय समन्वय तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की कार्यक्षमता का सफल परीक्षण किया गया। पुलिस एवं जिला प्रशासन जनसुरक्षा तथा आपदा की स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है:-श्यामलाल पाल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक और महिलाएं भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हैं। जनता अब बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

प्रदेश अध्यक्ष पाल ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रही है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा जनता के बढ़ते समर्थन से घबराई हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव आरक्षण, लोकतंत्र और संविधान को बचाने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शकील खान नदवी ने कहा कि पिछले 10 सालों से प्रदेश में विकास का पहिया ठप है। इसे दौडाने के लिए प्रदेश में सपा की सरकार लाना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश की जनता आगामी चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बदलू खान, पूर्व मंत्री सुधीर रावत, सपा नेता डॉक्टर मुन्ना अलवी, सुरेश पाल, राशिद खान, वीरेंद्र सिंह, परवेज खान, अरकान अहमद, राम अवतार, आजाद खान, गुलिस्तान खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विधायक ने धान क्रय केंद्र का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी यार्ड व ग्राम जसरा-मारूफपुर स्थित धान क्रय केंद्र का शुभारंभ विधायक श्रीकांत कटियार ने किसानों को माला पहनाकर किया। शुभारंभ के अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को धान का भुगतान समय से मिलेगा और खरीद में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्रय केंद्र पर किसानों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 240.40 कुंतल धान की खरीद हुई। किसानों को 2441 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से भुगतान मिलेगा। साथ ही 20 रुपये प्रति कुंतल पल्लेदारी का अलग से सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस मौके पर विनोद सिंह, विकास त्रिपाठी, अतुल, जिला प्रबंधक पीसीएफ विवेक यादव, एडीओ श्याम सिंह, प्रभारी बालेश कनौजिया, रामनरेश सिंह, रोहित कनौजिया, धर्मेंद्र राजपूत, प्रदीप कुमार, नत्थू लाल, भोला, अवधेश कुमार सहित कई किसान मौजूद रहे।

आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर एसएसपी ने की गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी बीघापुर प्रदीप कुमार ने आज दिनांक 22.11.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव स्थित सभागार में जनपद के समस्त थानों एवं पुलिस कार्यालयों की पेशियों में आईजीआरएस का कार्य देख रहे पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी के दौरान एसएसपी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जनशिकायतों एवं संदर्भों के निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही या अनावश्यक देरी न की जाए, शिकायतकर्ता से बेहतर संवाद रखा जाए और निस्तारण आख्या को तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर स्पष्ट और संतोषजनक बनाया जाए।

एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि आम लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके।

पति-पत्नी के 12 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के मिशन शक्ति केन्द्रों में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना पुरवा से 05, थाना आसीवन व थाना दही से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति संतोष कुमारी व महिला आरक्षीगण आकांक्षा, बबली, मीनू का विशेष योगदान रहा।

पूर्व सीएम की मनाई गई पुण्य तिथि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की 87 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर सपा नेताओं ने हिलौली स्थिति नन्देश्वर महादेव मंदिर प्रांगड़ में केक काट लोगो मे मिठाई व फल वितरित किये इस अवसर पर आयोजित जयंती समारोह में नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सपा के पूर्व विधयाक उदयराज यादव ने कहा कि नेताजी का जीवन संघर्ष, सादगी, सामाजिक न्याय और जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने राजनीति की शुरूआत समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर की और डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात किया। समारोह के पवन मिश्र ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। सपा की विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। पार्टी समाज के सभी वर्गों, विशेषकर किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करती है। किसान हितों की रक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, बेरोजगारी दूर करना, महिलाओं का सशक्तीकरण, सामाजिक सद्भाव और आर्थिक समानता को प्राथमिकता दी, कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीतेंद्र प्रताप यादव , पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत , सुनील रावत , गंगाप्रसाद भैया ,प्रमोद बाजपेई , विवेक शुकल , सन्तोष बाजपेई ,जवाहर यादव , हरिकेश यादव आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती समारोह पूर्वक बनाई गई

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 87 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर सपा नेताओं ने अस्पताल पहुंचकर मरीजो को फल वितरित किए। इसके पूर्व सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव डॉक्टर पंकज गौतम द्वारा आयोजित जयंती समारोह में नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सी के त्रिपाठी ने कहा कि नेताजी का जीवन संघर्ष, सादगी, सामाजिक न्याय और जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने राजनीति की शुरूआत समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर की और डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात किया। समारोह के संचालक आलोक त्रिपाठी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। पूर्व विधायक बदलू खान ने कहा कि वर्ष 1992 में उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्थापना की और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। वे तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तथा वर्ष 1996 में देश के रक्षामंत्री का दायित्व भी संभाला। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी ने कहा कि सपा के ईमानदारी कार्यकाल में किसानों, युवाओं, शिक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला ने कहा किनेताजी का व्यक्तित्व जमीन से जुड़ा हुआ था। वे आम जनता के दुख-दर्द को समझते थे और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। 10 अक्टूबर 2022 को उनका निधन हो गया। लेकिन उनके विचार और संघर्ष आज भी समाजवादी आंदोलन को प्रेरणा देते हैं। उनकी जयंती पर हम उन्हें शत-शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉक्टर मुन्ना अल्वी ने कहा कि सपा की विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। पार्टी समाज के सभी वर्गों, विशेषकर किसानों, मजदूरों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करती है। वरुण शंकर शुक्ला ने कहा कि पार्टी की नीतियों में किसान हितों की रक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, बेरोजगारी दूर करना, महिलाओं का सशक्तीकरण, सामाजिक सद्भाव और आर्थिक समानता को प्राथमिकता दी जाती है। रईस अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी का उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान, अधिकार और न्याय मिले तथा लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना सुरक्षित रहे। समारोह मे अल्वी मिश्रा, याकूब अली सिद्दीकी, डॉक्टर आशीष कटियार, गुलिस्तान खान, मेराज खान, राजू मिश्रा, महेश यादव, राधे लाल निषाद आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्कूल पर फर्जी कागजों से मान्यता लेने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सफीपुर स्थित शांति शिक्षा निकेतन प्राइमरी पाठशाला / जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक पर फर्जी अभिलेखों के सहारे मान्यता लेने का आरोप है। शिकायत और विभागीय जांच के बाद भी प्रबंधन मान्यता से जुड़े जरूरी दस्तावेज नहीं दे सका है।

बीएसए शैलेश कुमार पांडेय ने प्रबंधक को एक सप्ताह के भीतर खुद उपस्थित होकर अभिलेख प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया है। तय समय में दस्तावेज नहीं देने पर विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मामला सफीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मेथीटीकुर का है। चकलवंशी निवासी अवधेश कुमार ने 6 नवंबर 2024 को शिकायत देकर स्कूल की मान्यता की जांच कराने और अनियमितता मिलने पर मान्यता रद्द करने की मांग की थी। शिकायत के आधार पर सफीपुर एसडीएम की राजस्व टीम ने मौके पर जांच की थी। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम पंचायत मेथीटीकुर के गाटा संख्या 1298 में स्कूल की इमारत नहीं थी। जमीन का रकबा 0.2260 हेक्टेयर है। मौके पर खेती हो रही थी और स्कूल के नाम पर खेल का मैदान भी नहीं मिला।

मान्यता के बाद स्कूल की जगह बदलने का भी आरोप है। बीएसए कार्यालय ने 24 नवंबर 2025 को खंड शिक्षाधिकारी सफीपुर को जांच सौंपी थी। खंड शिक्षाधिकारी की 1 दिसंबर 2025 की रिपोर्ट में स्कूल के संचालन की जगह को लेकर भी जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मान्यता मिलने के समय स्कूल टंकी के पास चकलवंशी मुख्य मार्ग पर संचालित हो रहा था। आरोप है कि बाद में प्रबंधक ने विभाग की अनुमति के बिना स्कूल की जगह बदल दी। जांच में बताया गया कि वर्तमान में स्कूल सरकारी स्कूल के पास, मुख्य मार्ग से अंदर की ओर चल रहा है। वहीं, शांति शिक्षा निकेतन प्राइमरी पाठशाला मुन्नू मोहिनी जूनियर हाईस्कूल की इमारत में संचालित हो रही है।

प्रबंधक ने 14 मई को विभाग को जवाब दिया था, लेकिन उसमें भी मान्यता से संबंधित जरूरी अभिलेख और साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद बीएसए ने पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर खुद उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया है। विभाग की ओर से प्रबंधक को स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय में मूल अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उपलब्ध साक्ष्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर मान्यता से जुड़े मामले में अगला निर्णय लिया जाएगा।

रोटावेटर की चपेट में आया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत एक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में जगवा नहर के पास शनिवार रात ट्रैक्टर के रोटावेटर की चपेट में आने से सर्वेश (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका पैर कट गया। उसके साथ मौजूद शुभम भी घायल हो गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे कानपुर ले जाते समय सर्वेश की रास्ते में मौत हो गई।सर्वेश घटौरी पोस्ट तारगांव, थाना दही का रहने वाला था। वह सुखलाल का बेटा था। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात करीब नौ बजे सर्वेश और शुभम जगवा नहर के पास थे। इसी दौरान सर्वेश रोटावेटर की चपेट में आ गया।घायल सर्वेश को इलाज के लिए ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। शुभम का इलाज कराया जा रहा है।सर्वेश की पत्नी संगीता की करीब सात साल पहले मौत हो चुकी थी। परिवार में उसकी एक बेटी और एक बड़ी बहन हैं। पत्नी की मौत के बाद से वह अपनी बहन के घर रह रहा था। वह तारगांव के ग्राम प्रधान चंद्रपाल लोधी की गाड़ी चलाकर परिवार का खर्च चलाता था।

दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम देवाखेड़ा में शुक्रवार सुबह दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों हुई मारपीट के मामले में दोनो पक्षो द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।पहली तहरीर के अनुसार, देवाखेड़ा निवासी राजदुलारी ने बताया शुक्रवार सुबह जब वह अपने दरवाजे पर भैंस को चारा काट रही थीं। तभी गाँव के केशनपाल और सुनील कुमार ने छोटे भाई सुनील को अपनी पत्नी व बेटी के साथ भेजकर उन पर और उनके बच्चों पर लाठी से हमला किया व जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, दूसरी तहरीर में गीता देवी ने बताया उसी दिन जब वह जानवरों के पास साफ-सफाई कर रही थीं तभी पड़ोसी राजदुलारी उनकी पुत्री अंकिता व अर्चना तथा रामप्रसाद यादव गाली-गलौज करते हुए हाथों में लाठियां लेकर आए और उन्हें मारा-पीटा। शोर सुनकर बचाने आई उनकी 17 वर्षीय पुत्री चाँदनी और देवर सुनील कुमार को भी लाठियों से पीटा गया, मोबाइल तोड़ दिया गया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया दोनों मामलों में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और दस्तावेजों के अनुसार विवेचना सीओ बीघापुर को भेज दी गई है।

अमृत भारत योजना से बदल रही तस्वीर, 16 करोड़ से बनेगी पार्किंग, सीसी रोड, फुट ओवरब्रिज और हाईलेवल प्लेटफार्म

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। स्टेशन परिसर में पार्किंग की ढलाई शुरू हो गई है।

इसके साथ ही पुराने यातायात पुल चौराहे से स्टेशन तक 10 मीटर चौड़ी सीसी सड़क बनाई जाएगी। योजना के तहत स्टेशन पर करीब 16 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

स्टेशन परिसर में 100 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। रविवार को कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने इसकी ढलाई का काम किया। साइड इंजीनियर पंकज दिवाकर ने बताया कि पार्किंग की ढलाई जल्द पूरी कर ली जाएगी। पार्किंग स्थल और प्लेटफार्म के बीच दो मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट भी बनाई जाएगी।

रेलवे अधिकारियों ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। आईओडब्ल्यू अभिषेक मिश्रा ने स्टेशन पर चल रहे कामों को देखा और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों से काम की जानकारी ली। उन्होंने जरूरी निर्देश भी दिए। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि पुराने यातायात पुल चौराहे से गंगाघाट स्टेशन तक 10 मीटर चौड़ी सीसी सड़क बनेगी। शुक्रवार को सड़क निर्माण के लिए मार्किंग शुरू की गई थी। इसके पूरा होने के बाद निर्माण में आने वाली बाधाओं को चिह्नित कर हटाया जाएगा।

उन्होंने कार्यदायी संस्था को तय समय में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता जांचने और लापरवाही न करने को कहा।

गंगाघाट स्टेशन को मोहनलालगंज और भरतपुर रेलवे स्टेशनों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग, फुट ओवरब्रिज और हाईलेवल प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने के बाद यात्रियों को बेहतर आवागमन, पार्किंग और अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

एशिया पेसिफिक इकोनामिक कोऑपरेशन (एपीईसी) के हाल ही में संपन्न हुए 33वें शिखर सम्मेलन को लेकर चर्चाएं गर्म हैं। ज्वाइंट डिक्लेरेशन में वैश्विक चुनौतियों का एकजुट होकर मुकाबला करने की उद्घोषणा की गई। सम्मेलन में जहां परमाणु युद्ध के अत्यंत विनाशकारी खतरे के प्रति चेतावनी प्रस्तुत की गई वहीं, समाप्त हो रही परमाणु अप्रसार संधि पर भविष्य में बातचीत जारी रखने की उद्घोषणा की गई है। हालांकि, सम्मेलन के पटल पर यूक्रेन युद्ध और ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए कोई ठोस योजना विश्व के समक्ष प्रस्तुत नहीं की जा सकी। उधर, जेलेंस्की के सामने सबसे बड़ी चुनौती युद्ध समाप्त करने और देश की संप्रभुता बचाने के बीच संतुलन बनाने की है। यहां उल्लेखनीय है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति भारत को अभी तक एपीईसी का सदस्य देश नामित नहीं किया गया है। अमेरिका और रूस ताल्लुकात में बुनियादी सुधार भारत के लिए निसंदेह लाभकारी सिद्ध हो सकता है, लेकिन अमेरिका यदि चीन के साथ कोई निर्णायक समझौता कर लेता है तो यह भारत के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों के विरूद्ध सिद्ध हो सकता है, क्योंकि चीन की विस्तारवादी फितरत के कारणवश भारत का चीन के प्रति अविश्वास कायम बना हुआ है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*



शांति के लिए परमाणु हथियारों का विरोध



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

वरिष्ठ स्तंभकार

एपीईसी शिखर सम्मेलन को वर्तमान दौर का अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीतिक सम्मेलन करार दिया जा रहा है। प्रबल प्रश्न उपस्थित है कि आखिरकार एपीईसी शिखर सम्मेलन की वास्तविक उपलब्धियां क्या कुछ रही हैं अथवा यह शिखर सम्मेलन शानदार और लोकलुभावन उद्घोषणाओं तक ही सिमट कर रह गया? एपीईसी शिखर सम्मेलन की पहली उपलब्धि रही कि विश्व पटल के तीन शक्तिशाली देशों के सर्वोच्च लीडर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग वैश्विक कूटनीति की कुटिल बिसात पर आमने-सामने आकर बैठ गए और फिर तीनों लीडरों द्वारा वैश्विक चुनौतियों पर एपीईसी शिखर सम्मेलन में 90 मिनट तक विचार-विमर्श भी कर लिया गया।

एशिया पेसिफिक इकोनामिक कोऑपरेशन (एपीईसी) का दो दिवसीय 33वां शिखर सम्मेलन चीन के नगर शेन्जेन में संपन्न हो गया। एपीईसी शिखर सम्मेलन को वर्तमान दौर का अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीतिक सम्मेलन करार दिया जा रहा है। प्रबल प्रश्न उपस्थित है कि आखिरकार एपीईसी शिखर सम्मेलन की वास्तविक उपलब्धियां क्या कुछ रही हैं अथवा यह शिखर सम्मेलन शानदार और लोकलुभावन उद्घोषणाओं तक ही सिमट कर रह गया? एपीईसी शिखर सम्मेलन की पहली उपलब्धि रही कि विश्व पटल के तीन शक्तिशाली देशों के सर्वोच्च लीडर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग वैश्विक कूटनीति की कुटिल बिसात पर आमने-सामने आकर बैठ गए और फिर तीनों लीडरों द्वारा वैश्विक चुनौतियों पर एपीईसी शिखर सम्मेलन में 90 मिनट तक विचार-विमर्श भी कर लिया गया। दूसरी उपलब्धि रही कि ज्वाइंट डिक्लेरेशन के साथ एपीईसी का शिखर सम्मेलन बाकायदा समाप्त हो गया।

ज्वाइंट डिक्लेरेशन में वैश्विक चुनौतियों का एकजुट होकर मुकाबला करने की उद्घोषणा की गई। परमाणु युद्ध के अत्यंत विनाशकारी खतरे के प्रति चेतावनी प्रस्तुत की गई। समाप्त हो रही परमाणु अप्रसार संधि पर भविष्य में बातचीत जारी रखने की उद्घोषणा की गई। शिखर सम्मेलन में यह भी ऐलान किया गया कि यदि भविष्य में परमाणु युद्ध अंजाम दिया गया तो फिर निश्चित तौर पर सभी का संपूर्ण विनाश हो जाएगा और किसी भी पक्ष की जीत संभव नहीं हो सकेगी। अतः परमाणु युद्ध कदाचित होना ही नहीं चाहिए। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की निरंतर आपूर्ति के लिए एपीईसी शिखर सम्मेलन में ऊर्जा उत्पादन में उच्च स्तर तक वृद्धि करने और ऊर्जा के समुचित वितरण की बात पेश की गई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुनियादी सुधारों को अंजाम देने का संकल्प व्यक्त किया गया। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमा दिया कि एपीईसी शिखर सम्मेलन में अमेरिका, रूस और चीन मिलकर इतिहास निर्मित कर रहे हैं। यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि सम्मेलन के माध्यम से कौन सा इतिहास निर्मित कर दिया जाएगा। अमेरिका के मिडटर्म पोल में बुरी तरह से परास्त हुए डोनाल्ड ट्रंप अब विश्व पटल पर कोई इतिहास रचने लायक नहीं रह गए हैं। बिना किसी ठोस योजना के विश्व शांति स्थापित करने की सदाशयता और स्वप्निल कामनाओं के साथ 33 वां एपीईसी शिखर सम्मेलन का समापन हो गया। एपीईसी शिखर सम्मेलन के पटल पर यूक्रेन युद्ध और ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए कोई ठोस योजना विश्व के समक्ष प्रस्तुत नहीं की जा सकी। यहां तक कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने तो यूक्रेन के साथ सुलह समझौते की कोई बातचीत करने से भी इनकार कर दिया। वैश्विक कूटनीति के विकट विडंबना का दीदार कीजिए कि वर्तमान दौर में यूक्रेन युद्ध का आग़ाज़ करने वाले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और ईरान युद्ध को अंजाम देने वाले अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एपीईसी शिखर सम्मेलन में विनाशकारी युद्धों के विरुद्ध विश्व शांति का पैगाम देते हुए नजर आए। कूटनीति के कुछ जानकार एपीईसी के शिखर सम्मेलन की तुलना सन 1945 में सोवियत रूस के क्रीमिया में आयोजित हुए याल्टा सम्मेलन से कर रहे हैं।



भारत के लिए बनी सबसे विकट चुनौती

रूस अमेरिका और चीन के त्रिकोणीय कूटनीतिक समीकरण का उद्देश्य रूस को फिर से एक विश्व शक्ति के तौर पर स्थापित करना है, ताकि यूक्रेन पर रूस के पक्ष में समझौता सुनिश्चित कराया जा सके और चीन पर भी रूस की निर्भरता को कम किया जा सके। राष्ट्रपति पुतिन अमेरिका के साथ समझौता करके रूस के लिए आर्थिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करना चाहते हैं। राष्ट्रपति पुतिन पहले रूस, भारत और चीन के मध्य गठबंधन के प्रबल समर्थक रहे थे। लेकिन राष्ट्रपति पुतिन को अमेरिका और चीन के साथ एकजुट होकर इस नए शक्ति समूह में रूस के लिए कुछ अधिक संभावनाएं प्रतीत हो रही हैं। भारत के लिए हितकारी है यदि भविष्य में अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ रूस के रिश्ते सुधर जाते हैं।

रूस की चीन पर यदि निर्भरता कम हो जाती है तो निश्चित तौर पर यह भारत के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। वर्तमान दौर में भारत के लिए सबसे विकट चुनौती प्रस्तुत है कि अमेरिका, रूस और चीन के मध्य बदलते हुए कूटनीतिक समीकरणों के दौर में भारत अपने रणनीतिक हित, ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव को कैसे हिफाजत कर पाता है।

याल्टा सम्मेलन से की जा रही एपीईसी की तुलना

याल्टा सम्मेलन में भी दूसरे विश्व युद्ध के विजेता देशों के तीन अत्यंत शक्तिशाली सर्वोच्च लीडर रूस के प्रधानमंत्री कॉमरेड जोसेफ स्टालिन, अमेरिकन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट और इंग्लैंड के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल एक कूटनीतिक मेज पर यूरोप में अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र का बाकायदा बंटवारा की खातिर एक साथ बैठे थे। गहराई से विवेचना की जाए तो दोनों शिखर सम्मेलनों के बीच कोई बुनियादी समानता प्रतीत नहीं हो रही है। याल्टा सम्मेलन एक ठोस योजना और पुख्ता उपलब्धि के साथ समाप्त हुआ था, किंतु एपीईसी शिखर सम्मेलन केवल महान उद्घोषणाओं के साथ और कोई भी ठोस योजना प्रस्तुत किए बिना ही समाप्त हो गया। बस एक समानता प्रतीत होती है जो कि दोनों शिखर सम्मेलनों के मध्य है कि सन 1945 के ऐतिहासिक दौर के विश्व के तीन सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों के सर्वोच्च लीडर याल्टा सम्मेलन में एक साथ कूटनीतिक बिसात पर बैठे थे और एपीईसी शिखर सम्मेलन में भी वर्तमान दौर के तीन सबसे शक्तिशाली देशों के सर्वोच्च लीडर एक साथ कूटनीतिक विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ विराजमान हो गए। कथित तौर पर एपीसी शिखर सम्मेलन का मकसद एशिया पेसिफिक क्षेत्र के देशों में घनिष्ठ सहयोग विकसित करना घोषित किया गया था। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के लिए तो एपीईसी शिखर सम्मेलन वस्तुतः सबसे बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि रहा, क्योंकि रूस के राष्ट्रपति पुतिन का वैश्विक स्तर पर जो आर्थिक और कूटनीतिक अलगाव जारी रहा था, उसका तो एपीईसी शिखर सम्मेलन में यकीनन अंत हो गया है। विश्व स्तर पर राष्ट्रपति पुतिन और रूस को अलग-थलग करने की पश्चिमी राष्ट्रों की समस्त कोशिशें नाकाम सिद्ध हो गई हैं। पश्चिमी राष्ट्रों द्वारा रूस पर वैश्विक स्तर पर कठोर आर्थिक प्रतिबंधों का ऐसा जबरदस्त दबाव कायम किया गया, जैसा पहले इतिहास में कभी नहीं देखा गया। सन 2022 के हालात पर एक दृष्टिपात कीजिए, यूक्रेन पर रूस द्वारा बड़े पैमाने पर आक्रमण अंजाम दिया गया, फिर उसके बाद तो राष्ट्रपति पुतिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकदम ही अलग-थलग पड़ गए।

पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष यूक्रेन युद्ध को लेकर राष्ट्रपति पुतिन और रूस का बॉयकॉट करने पर आमादा हो गए। किंतु सन 2026 में पुतिन द्वारा वैश्विक स्तर के एक ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में शिरकत अंजाम दी गई है। वर्तमान इतिहास में त्रिपक्षीय मीटिंग के लिए पहली दफा चीन, रूस और अमेरिका के सर्वोच्च लीडर कूटनीतिक बातचीत के लिए 90 मिनट तक एक साथ बंद कमरे में विराजमान हो गए। राष्ट्रपति पुतिन को एपीईसी शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के बाद स्वयं को वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र का लीडर सिद्ध करने में अब कोई दिक्कत पेश नहीं आएगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वालोदिमिर जेलेंस्की और यूरोप के लीडरों को विश्व के तीन ताकतवर देशों के लीडरों का कूटनीतिक मिलन निश्चित रूप से पसंद नहीं आया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अपनी शर्तों पर समझौता चाहते हैं, जो कि निकट भविष्य में संभावित प्रतीत नहीं हो रहा है। इस स्थिति को केवल कूटनीतिक विडंबना निरूपित किया जाएगा कि अभी तक एशिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति भारत को एपीईसी का सदस्य देश नामित नहीं किया गया है। जबकि भारत विगत दो दशक से एपीईसी की सदस्यता हासिल करने की निरंतर कोशिशें करता रहा है। एपीईसी के महत्वपूर्ण देशों में अमेरिका वस्तुतः भारत की एपीईसी सदस्यता का सबसे बड़ा विरोधी देश रहा। अमेरिका ने भारत के प्रति अपनी हिमायत को इस शर्त के साथ संबद्ध कर दिया कि भारत विश्व व्यापार संगठन - डब्ल्यूटीओ में अमेरिका समर्थक रुख अख्तियार करे।

अमेरिका के साथ भारत अपने द्विपक्षीय विवादों को पहले सुलझाए। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एपीईसी में भारत की सदस्यता का समर्थन किया था, किंतु फिर भी भारत की एपीईसी में सदस्यता का प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। सन 1989 में एपीईसी की बुनियाद 12 देशों द्वारा रखी गई थी। एपीईसी के प्राथमिक सदस्य देश रहे थे, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई, कनाडा, इंडोनेशिया, जापान दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड। एपीईसी के वैंकूवर सम्मेलन में रूस, वियतनाम और पेरू को एपीईसी का सदस्य बनाया गया। वैंकूवर सम्मेलन में ही आगामी 10 वर्षों के लिए किसी भी देश को सदस्यता प्रदान करने पर प्रतिबंध आयद कर दिया गया था। इस वक्त कुल मिलाकर एपीईसी के 21 सदस्य देश हैं। रूस, अमेरिका और चीन की बैठक को मद्देनजर रखते हुए आरआईसी अर्थात रूस, भारत और चीन का प्रस्तावित त्रिकोण गठबंधन पीछे छूटता हुआ प्रतीत हो रहा है। रूस निरंतर आरआईसी के प्रस्ताव को पुनः सक्रिय करने की पेशकश कर रहा है। लेकिन भारत ने आरआईसी के प्रति अभी तक अपनी कोई स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रकट नहीं की है। वस्तुतः भारत अपनी गुटनिरपेक्ष नीति पर निरंतर कायम बने रहना चाहता है। किसी भी सैन्य गठबंधन में भारत कदाचित शामिल नहीं होना चाहता है। भारत के लिए गुटनिरपेक्ष विदेश नीति से फायदे और नुकसान दोनों ही रहे हैं। अमेरिका और रूस ताल्लुकात में बुनियादी सुधार भारत के लिए निसंदेह लाभकारी सिद्ध हो सकता है। लेकिन अमेरिका यदि चीन के साथ कोई निर्णायक समझौता कर लेता है तो यह भारत के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हितों के विरूद्ध सिद्ध हो सकता है, क्योंकि चीन की विस्तारवादी फितरत के कारणवश भारत का चीन के प्रति अविश्वास कायम बना हुआ है।

रूस के प्रख्यात कूटनीतिज्ञ आंद्रेई कोर्तुनेव का विचार है कि एपीईसी शिखर सम्मेलन ने फिर से सिद्ध कर दिखाया है कि रूस अब भी दुनिया की प्रमुख शक्तियों में शुमार है। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता पेसकोव ने फरमाया है कि किसी भी राष्ट्र को दुनिया पर अपनी व्यवस्था थोपने की कोशिश कदाचित नहीं करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के कुछ अन्य विशेषज्ञों का विचार है कि राष्ट्रपति पुतिन अब आरआईसी के प्रस्तावित त्रिकोणीय गठबंधन को पीछे छोड़कर भविष्य में अमेरिका, रूस और चीन के मध्य एक त्रिकोणीय कूटनीतिक समीकरण स्थापित करना चाहते हैं।

आक्रामक विदेश नीति से पुतिन बने खास



मंथन

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग यानी एपेक की चीन के शहर शेनजेन में हुई शिखर बैठक वैश्विक परिघटना तो है ही, लेकिन इस बैठक के हिस्से एक और खासियत जुड़ गई है। इस दौरान तीन शीर्ष आर्थिक और सामरिक शक्तियों यानी अमेरिका, चीन और रूस के शिखर नेतृत्व का एक साथ आना भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। वहीं, यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका की आंख की किरकिरी रहे रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ओर इस बार सबका ध्यान रहा।

पुतिन से चीन की नजदीकी तो पहले से ही है, लेकिन इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी उनके साथ सहज दिखने और होने का प्रयास करते नजर आए। इसे पुतिन की आक्रामक विदेश नीति की सफलता के तौर पर देखा जाना स्वाभाविक है। अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के कुछ महीने पहले तक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रूसी कच्चे तेल के आयात को लेकर भारत और चीन को धमकाते रहे। उन्होंने दोनों देशों के खिलाफ टैरिफ युद्ध भी छेड़ दिया। इससे चीन का अमेरिकी निर्यात घटा। चीन भले ही खुलकर स्वीकार न कर रहा हो, लेकिन अमेरिकी टैरिफ हमले के बाद चीन की फैक्टरियों के माल की मांग घट गई है। इसकी वजह से उन्हें अपना उत्पादन घटाना पड़ा। इसके चलते चीन में बेरोजगारी भी बढ़ी है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने को लेकर वैश्विक दबाव बनाने की कोशिश जारी रखी। इसके बावजूद चीन ने रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा। चूंकि वैश्विक तेल बाजार के लिहाज से रूसी कच्चा तेल सस्ता है, लिहाजा सिर्फ चीन ही नहीं, भारत ने भी वहां से तेल का आयात जारी रखा। तेल की कीमतों पर ओपेक देश नियंत्रण रखते हैं। लेकिन रूस इस नियंत्रण से खुद को बाहर रखे हुए है। चूंकि यूक्रेन से युद्ध के चलते रूस पर आर्थिक दबाव बना हुआ है। ऐसे में रूस को आर्थिक जरूरतों के लिए अपने तेल को वैश्विक बाजार की तुलना में सस्ती दरों पर आपूर्ति करना ही था। दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और हथियार निर्यातकों से मिल रहे सहयोग की बदौलत ही यूक्रेन की सेनाएं दुनिया के दूसरे नंबर की सैनिक ताकत रूस का मुकाबला कर पा रही हैं। इस लिहाज से देखें तो पुतिन परोक्ष रूप से पूरे यूरोप का मुकाबला कर रहे हैं। यूक्रेन को अमेरिका का भी सहयोग रहा है। लेकिन वही अमेरिका अगर पुतिन के साथ शेनजेन में मंच साझा करने को मजबूर हुआ है तो निश्चित रूप से इससे पुतिन की ताकत और अहमियत का संकेत मिलता है। नवंबर के पहले हफ्ते में हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के दोनों सदनों में बहुमत गंवाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का सुर बदला नजर आ रहा है। जिस रूसी राष्ट्रपति को कभी वे झुकाने की कोशिश करते थे, जिस रूस से तेल आयात करने वाले देशों को ट्रंप धमकाते रहते थे, उसी रूस के राष्ट्रपति के साथ वे गलबहियां करते दिख रहे हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि यूक्रेन संकट और वैश्विक शक्ति संतुलन की चुनौतियां खत्म हो गई हैं।

चीन के शेनजेन में आयोजित अपेक शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सक्रियता और वैश्विक नेताओं के साथ उनकी बैठकों को लेकर वैश्विक मंच पर उनकी भूमिका को लेकर नई चर्चाएं भी उनकी अहमियत को ही दर्शाती हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, रूस को फिर से प्रमुख महाशक्तियों के समूह में शामिल करने की ट्रंप की कोशिश और पुतिन को अपना 'दोस्त' बताने से रूस को अलग-थलग करने की कोशिशें एक तरह से ध्वस्त हो गई हैं।

वैश्विक स्तर पर पुतिन की स्वीकार्यता और महत्ता स्थापित करने के पीछे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रूस का बढ़ता व्यापार भी एक बड़ा कारण बनकर उभरा है। ट्रंप की सोच में आ रहे बदलाव और वैश्विक मंचों पर पुतिन को अहमियत देने की एक वजह उन्हें अमेरिका में घरेलू मोर्चे पर खुद को प्रभावी दिखाने की कोशिश भी मानी जा रही है। वे अमेरिकी जनता को दिखाना चाहते हैं कि वैश्विक शांति और अमेरिकी कारोबार को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के बड़े देशों से हाथ मिला रहे हैं। कह सकते हैं कि इन सारी वजहों की वजह से पुतिन इन दिनों पश्चिम की नजर में ज्यादा अहम हो गए हैं। यूक्रेन से युद्ध रोकने को लेकर वे वैश्विक स्तर पर बातचीत भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ कीव पर अंधाधुंध हमला करके यूरोप और अमेरिका को अपनी ताकत और महत्व का अहसास भी करा रहे हैं।



अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के दोनों सदनों में बहुमत गंवाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का सुर बदला नजर आ रहा है। जिस रूसी राष्ट्रपति को कभी वे झुकाने की कोशिश करते थे, जिस रूस से तेल आयात करने वाले देशों को ट्रंप धमकाते रहते थे, उसी देश के राष्ट्रपति के साथ वे गलबहियां करते दिख रहे हैं।

जेलेंस्की के लिए राह आसान नहीं



शिखर बैठक

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

कहते हैं, दुनिया की राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी के मायने स्थायी नहीं होते। कल तक जो देश एक-दूसरे के विरोधी नजर आते थे, वे अपने हितों के लिए एक मेज पर बैठ सकते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा हाल ही में चीन के शेनझेन शहर में देखने को मिला, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ऐतिहासिक त्रिपक्षीय मुलाकात हुई। तीनों नेताओं ने शांति, परमाणु हथियारों के खतरे को कम करने और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों पर सहमति जताई। लेकिन इस बैठक के संयुक्त बयान में यूक्रेन युद्ध का कोई उल्लेख नहीं था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया की इन तीन बड़ी शक्तियों की बढ़ती नजदीकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के लिए खतरे की घंटी है?

डिप्लोमसी के जानकार मानते हैं कि इस मुलाकात का महत्व केवल तीन राष्ट्राध्यक्षों के एक साथ बैठने तक सीमित नहीं है। इसके पीछे बदलते वैश्विक समीकरणों की झलक भी दिखाई देती है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। अमेरिका और यूरोप ने यूक्रेन को सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक मदद दी है। दूसरी ओर, चीन ने रूस के साथ अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंध मजबूत बनाए रखे हैं। अब जब अमेरिका भी रूस के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप शुरू से ही यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की बात करते रहे हैं। उनकी प्राथमिकता युद्ध को जल्द खत्म कराना और अमेरिका के संसाधनों पर पड़ रहे बोझ को कम करना है। लेकिन शांति समझौते की शर्तें क्या होंगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि चीन और रूस के साथ संबंधों में तनाव कम हो और परमाणु हथियारों की होड़ पर बातचीत आगे बढ़े। इसके लिए रूस के साथ संवाद जरूरी माना जा रहा है। चीन इस पूरे घटनाक्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। रूस के साथ उसके व्यापारिक और रणनीतिक संबंध मजबूत हैं। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद चीन रूस के लिए एक बड़ा आर्थिक साझेदार बना हुआ है। हालांकि, चीन स्वयं को शांति का समर्थक बताता है और उसने कई बार यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की बात भी की है। लेकिन चीन के सामने भी अपने हित हैं। वह नहीं चाहेगा कि रूस पूरी तरह कमजोर हो जाए और अमेरिका वैश्विक राजनीति में और अधिक प्रभावशाली बन जाए। साथ ही, चीन अमेरिका के साथ व्यापार, तकनीक और सुरक्षा से जुड़े विवादों को भी नियंत्रित रखना चाहता है। इसलिए शेनझेन की बैठक को केवल रूस और अमेरिका की दोस्ती के रूप में देखना सही नहीं होगा। यह तीनों देशों के अपने-अपने रणनीतिक हितों का मेल भी है। इस पूरे घटनाक्रम में यूरोप की स्थिति सबसे दिलचस्प है। ऊर्जा संकट, शरणार्थियों की समस्या, रक्षा खर्च में बढ़ोतरी और रूस के साथ सुरक्षा संबंधी तनाव ने यूरोप को लगातार प्रभावित किया है। ऐसे में यूरोपीय देश नहीं चाहते कि यूक्रेन के भविष्य का फैसला वाशिंगटन, मॉस्को और बीजिंग में बैठकर किया जाए। जेलेंस्की के सामने सबसे बड़ी चुनौती युद्ध समाप्त करने और देश की संप्रभुता बचाने के बीच संतुलन बनाने की है।

यूक्रेन की जनता ने भारी कीमत चुकाई है। हजारों लोगों की जान गई है, शहर तबाह हुए हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। ऐसे में केवल युद्धविराम के नाम पर जमीन छोड़ना जेलेंस्की के लिए आसान नहीं होगा। दूसरी ओर, यूक्रेन को हथियारों, आर्थिक मदद और सुरक्षा के लिए पश्चिमी देशों की जरूरत है। चीन, अमेरिका और रूस की नजदीकी से वैश्विक राजनीति में नए समीकरण बन सकते हैं, लेकिन इसे स्थायी दोस्ती मान लेना जल्दबाजी होगी। तीनों देशों के हित अनेक मुद्दों पर अलग-अलग हैं। परमाणु हथियारों, व्यापार, ताइवान, ऊर्जा और वैश्विक प्रभाव को लेकर उनके बीच मतभेद बने हुए हैं। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शांति की कोशिशें यूक्रेन की संप्रभुता और यूरोप की सुरक्षा को कमजोर किए बिना आगे बढ़ें। आखिरकार, दुनिया की बड़ी शक्तियों की दोस्ती का असली इम्तिहान इस बात से होगा कि वे केवल अपने हितों की रक्षा करती हैं या छोटे और कमजोर देशों की स्वतंत्रता का सम्मान भी करती हैं।



ट्रंप प्रशासन चाहता है कि चीन और रूस के साथ संबंधों में तनाव कम हो और परमाणु हथियारों की होड़ पर बातचीत आगे बढ़े। इसके लिए रूस के साथ संवाद जरूरी माना जा रहा है। चीन इस पूरे घटनाक्रम में महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। रूस के साथ उसके व्यापारिक और रणनीतिक संबंध मजबूत हैं।

संक्षेप

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए सभी बूथों पर अभियान

अमेठी में नए वोटरों के पंजीकरण-नाम संशोधन के लिए आवेदन

अमेठी, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत सभी मतदान केंद्रों पर अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देशन में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता सूची की जांच की और आवेदन लिए। बीएलओ ने नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम और विवरण में संशोधन तथा नाम हटाने से जुड़े आवेदन लिए। अभियान की प्रगति देखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के विशेष कार्याधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने विधानसभा क्षेत्र 185-गौरीगंज के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया उन्होंने जीजीआईसी गौरीगंज के बूथ नंबर 340, 341, 342 और 343, प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज द्वितीय के बूथ नंबर 349, 350, 351 और 352, मॉडल प्राथमिक विद्यालय मनीपुर के बूथ नंबर 379 और 380 तथा कंपोजिट विद्यालय धनीजलालपुर के बूथ नंबर 356, 357 और 358 का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान श्रीवास्तव ने बीएलओ से मुलाकात की और ऑनलाइन किए गए फॉर्म की जानकारी ली। उन्होंने नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम और विवरण में बदलाव, मृत और स्थायी रूप से दूसरी जगह जा चुके मतदाताओं के नामों की जांच और उनसे जुड़े फॉर्म की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 80 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने पर जोर श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को सही और त्रुटिरहित बनाना है। कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से न छूटे। बीएलओ घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र नागरिकों के आवेदन भरवाएं।उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, बूथ लेवल एजेंटों (बीएलओ), ग्राम प्रधानों और सुपरवाइजरों का सहयोग लेने को कहा। जिन पात्र नागरिकों के पास आधार कार्ड नहीं है, उनके आवेदन ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जैसे तय वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर नियमों के अनुसार लिए जाएं।

ग्रामीण छात्राओं के लिए हुई ज्ञान ज्योति परीक्षा

मवई आलमपुर में 50 छात्राओं ने हिस्सा लिया, 24 नवंबर को पुरस्कार मिलेगा

अमेठी , बहादुरपुर ब्लॉक के मवई आलमपुर में हाईस्कूल स्तर की ज्ञान ज्योति परीक्षा हुई। इसमें करीब 50 छात्राओं ने हिस्सा लिया। परीक्षा एकलव्य सरस्वती शिशु मंदिर, पूरे फत्ते में सुबह 10 से 11 बजे तक हुई। यह परीक्षा केवल कक्षा 10 की छात्राओं के लिए थी। समाजसेवी गोविन्द सरोज के संयोजन में हुई इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना और पढ़ाई के प्रति उनका मनोबल बढ़ाना था। परीक्षा के नतीजों के आधार पर सबसे ज्यादा अंक पाने वाली तीन छात्राओं को चुना जाएगा।

प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रूपईडीहा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए कई रंगारंग कार्यक्रम

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नाटकों और नृत्य के जरिए विद्यार्थियों ने प्रतिभा के साथ दिया देशभक्ति का संदेश

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज रुपईडीहा में वार्षिकोत्सव 2026 हर्षोल्लास एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने 19 रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रुपईडीहा आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ,डॉ सन्त कुमार शर्मा एवं निरीक्षक इमिग्रेशन आशुतोष दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुग्रह स्टेनली एवं प्रबंधक ए.एस. स्टेनली ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह की शुरूआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने कविता पाठ, प्रार्थना नृत्य, नेपाली, अफगानी एवं राजस्थानी नृत्य, युगल नृत्य, फेयरी डांस, रिबन एवं हैट डांस सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य एवं वीरता पर आधारित अंग्रेजी नाटक, आधुनिक तकनीक पर आधारित ह्यएआई एवं ऑनलाइन शिक्षक बनाम मानव शिक्षक हृविषयक हिंदी नाटक, सैनिक एवं किसान पर आधारित प्रस्तुति, रेड राइडिंग हुड तथा भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों में आयोजित ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है तथा उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। प्रधानाचार्य अनुग्रह स्टेनली ने अतिथियों, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंधक ए.एस. स्टेनली ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। आयोजन की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य पर तैयार किए आकर्षक मॉडल

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। टिकोरा-सीतापुर हाईवे के सबलापुर स्थित डा. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य विषय पर मॉडल प्रोजेक्ट तैयार कर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। यह प्रोजेक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर किशनू झा की ओर से दिया गया, जबकि नर्सिंग प्राचार्या डा. के. रोजा रानी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में इसका आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों को छह समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उपकेंद्र, ग्रामीण समुदाय, शहरी समुदाय और जल शुद्धिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय दिए गए। छात्र-छात्राओं ने इन विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार कर उनके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा सुविधाओं और सामुदायिक स्वास्थ्य व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान नर्सिंग प्राचार्या डा. के. रोजा रानी ने सभी मॉडलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से उनके मॉडल के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी विकसित होती है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीम भावना, संवाद कौशल और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ऐसी शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों को भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन करने के लिए तैयार करती हैं।

इंटरनल ब्लिस स्कूल में नन्हे-मुन्नों की प्रतिभा ने मोहा सबका मन



आकर्षक प्रदर्शनी में दिखी रचनात्मकता

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज बहराइच। क्षेत्र के परसेंडी स्थित इटरनल ब्लिस स्कूल में बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित आकर्षक प्रदर्शनी में नन्हे-मुन्नों ने अपनी कल्पनाशीलता और हुनर से सभी का मन मोह लिया।प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल और रचनात्मक सामग्रियां तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों की मेहनत और हुनर देखकर अभिभावक गदगद नजर आए और उन्होंने बच्चों की जमकर सराहना की। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। नर्सरी से कक्षा 8 तक संचालित इटरनल ब्लिस स्कूल में इस तरह के आयोजन बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत-मिस्र की साझा सूफी विरासत पर 23 नवंबर को होगा अंतरराष्ट्रीय संवाद

अल-अजहर विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. मुहम्मद महन्ना होंगे मुख्य अतिथि, शांति, भाईचारे और सह-अस्तित्व पर होगी चर्चा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराईच। भारत और मिस्र की साझा सूफी विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं और आपसी सौहार्द को नई मजबूती देने के उद्देश्य से इंडो इस्लामिक हेरिटेज सेंटर (ककलऊ) की ओर से 23 नवंबर को नई दिल्ली में विशेष राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। ह्याभारत और मिस्र में सूफीवादः शांति, बहुलतावाद और सह-अस्तित्व की साझा विरासतह्न विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में दोनों देशों के विद्वान, शिक्षाविद और धर्मगुरु अपने विचार साझा करेंगे। सम्मेलन में मिस्र के प्रतिष्ठित विद्वान प्रो. (डॉ.) मुहम्मद महन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह काहिरा स्थित अल-अजहर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रोफेसर और ग्रैंड इमाम के सलाहकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के सज्जादानशीन हजरत सैयद फरीद अहमद निजामी करेंगे। वहीं, आईआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के विधि संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) गुलाम यजदानी और तंजीम उलमा-ए-इस्लाम के अध्यक्ष मुफ्ती अशफाक हुसैन कादरी वक्ता के रूप में विचार रखेंगे। सम्मेलन में सूफी संतों की शिक्षाओं, भारत-मिस्र के ऐतिहासिक आध्यात्मिक संबंधों तथा समाज में शांति, सहिष्णुता, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने में सूफीवाद की भूमिका पर चर्चा होगी। आयोजकों का मानना है कि यह संवाद दोनों देशों के सांस्कृतिक और बौद्धिक रिश्तों को मजबूती देने के साथ युवा पीढ़ी को सूफी दर्शन और साझा सभ्यतागत मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंडो इस्लामिक हेरिटेज सेंटर ने शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, धार्मिक विद्वानों, सामाजिक कार्यकताओं और मीडिया प्रतिनिधियों से सम्मेलन में शामिल होकर भारत और मिस्र की साझा सूफी विरासत पर होने वाले इस महत्वपूर्ण विमर्श का हिस्सा बनने की अपील की है।

रुपईडीहा के सभी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य जारी, बीएलओ ने संभाली जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिंडवा के निदेशों के क्रम में नगर रुपईडीहा के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से जुड़े कार्यों का निर्वहन करते नजर आए। नगर के श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा, प्राथमिक विद्यालय केवलपुर, सीमांत महाविद्यालय सहित विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहे इस दौरान नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए प्रारूप-6 भरवाया गया। वहीं, प्रारूप-7 के माध्यम से मृतक एवं अपात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा प्रारूप-8 के जरिए मतदाता सूची में नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन का कार्य किया गया। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक जानकारियां और आवेदन प्राप्त किए गए। इस अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर करना है।

19 वर्षीय युवती घर से लापता

दो मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल की जानकारी के बाद पिता ने पुलिस से लगाई गुहार, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, विकासखंड के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय युवती लापता हो गई। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से बेटी को तलाशने की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक, युवती 18 नवंबर 2026 की रात करीब 9 बजे घर से निकली थी। देर तक नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के गांवों और रिश्तेदारों व परिचितों के यहां खोजने के बाद भी उसका पता नहीं चला।पिता ने बताया कि बेटी की तलाश के दौरान उसका मोबाइल फोन देखा गया। उसमें दो मोबाइल नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल की जानकारी मिली। पिता ने दोनों नंबर पुलिस को दिए और उनकी जांच कराने की मांग की। पिता ने शिकायत में बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई और उसे जल्द तलाशने की गुहार लगाई।सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि युवती के लापता होने के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच और युवती की तलाश कर रही है।

अलीगढ़ में युवक पर चाकू से हमला

गर्दन बचाई तो चाकू से कट गई नाक और गाल, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , महुआखेड़ा क्षेत्र में दहेज के मुकदमे की रंजिश में लाइब्रेरी से घर लौट रहे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोपी ने युवक की गर्दन पर चाकू से वार किया। बचाव के दौरान चाकू उसके चेहरे पर लग गया, जिससे उसकी नाक और गाल कट गए। गंभीर हालत में उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद शनिवार को पीड़ित ने महुआखेड़ा थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया।

लाइब्रेरी से लौटते समय किया हमला

पवन कुमार के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे वह तलाशपुर बंबा के पास खल स्पेलर के निकट स्थित अपनी लाइब्रेरी से घर लौट रहा था। रास्ते में अमन चौधरी अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिल गया। आरोप है कि अमन के हाथ में बड़ा चाकू था। उसने आते ही जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर वार कर दिया।

बचाव में चेहरे पर लगा चाकू

पवन ने गर्दन पर हो रहे वार से बचने की कोशिश की तो चाकू उसके चेहरे पर लग गया। इससे उसकी नाक और गाल पर गहरा घाव हो गया। वह सड़क पर गिर पड़ा। शोर सुनकर उसकी मां, भाई राहुल और अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद हमलावर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

भाभी ने दर्ज कराया था दहेज का मुकदमा

पवन ने पुलिस को बताया कि अमन चौधरी की बहन पूजा चौधरी उसकी भाभी थी। उसने पवन और उसके परिवार के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मुकदमे को लेकर अमन उससे रंजिश मानता है। पीड़ित ने इसी रंजिश में हमला कराने का आरोप लगाया है।

जेएन मेडिकल से छुट्टी मिलने के बाद दर्ज कराया केस

घटना के बाद पवन के भाई ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। उसे पहले दीनदयाल अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद छुट्टी मिलने पर वह थाने पहुंचा। उसने खुद और परिवार की जान को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शनिवार देर शाम तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मौसी के घर विवाहिता का शव मिला

पति-पत्नी के बीच एक सप्ताह से चल रहा था विवाद, युवक हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बीड़ी गांव में रविवार सुबह करीब 9 बजे 30 वर्षीय विवाहिता का शव टिनशेड के नीचे फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बड़गांव सुरौली निवासी अंतिमा की शादी करीब आठ साल पहले सुरजीत से हुई थी। उनके दो बेटे निखिल (7) और नितिन (4) हैं। उनका मायका गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के वृजवारी महमदपुर में है। परिजनों और रिश्तेदारों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच करीब एक सप्ताह से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बाद अंतिमा शनिवार शाम दोनों बच्चों को लेकर बीड़ी गांव में अपनी मौसी शोभावती के घर गई थीं। आरोप है कि शनिवार रात करीब 7 बजे सुरजीत भी वहां पहुंचा। दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद सुरजीत घर लौट आया। रविवार सुबह अंतिमा घर के भीतर नहीं मिलीं तो परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गया प्रसाद के टिनशेड के नीचे बल्ली से प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर उनका शव लटका मिला।सूचना पर उपनिरीक्षक अनिल कुमार सक्सेना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के लिए जरूरी साक्ष्य जुटाए। मौके पर पहुंचे सुरजीत को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ईंटें ले जाने से रोकने पर हमला

लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से की मारपीट, दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , नवाबगंज थाना क्षेत्र में ईंटें ले जाने से रोकने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज है। पुलिस ने रविवार दोपहर 3:30 बजे गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, राजा का पुरवा गांव में मकान में रखी ईंटें अरुण कुमार और सरजू प्रसाद उठा ले जा रहे थे। उन्हें रोकने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।आरोप है कि हमलावरों ने वादी के भाई को पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे वादी और उनके परिजनों को भी घायल कर दिया। हमलावरों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद नवाबगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में हत्या के प्रयास का केस भी दर्ज किया गया। पुलिस ने अमित (करीब 18 साल) और देवेंद्र उर्फ राजनारायण (करीब 19 साल) को गिरफ्तार किया। अमित को उसके घर पर दबिश देकर और देवेंद्र को उसके घर के पास से पकड़ा गया। पुलिस दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

खेत से गन्ना तोड़ने पर विवाद, धमकी देने का आरोप

प्रतापगढ़ में पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर, परिजन बोले- समझौते का दबाव बनाया

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , सिंगठी खालसा गांव में मेले के दौरान खेत से गन्ना तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट की धमकी देने और पुलिस के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने दिलीपपुर पुलिस को लिखित शिकायत देकर जान-माल और संपत्ति की सुरक्षा के साथ आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक, अरबाज पुत्र मोहम्मद सईद निवासी शहजादपुर, मोहम्मद सईद, आमिर खान पुत्र अली अहमद और मोहम्मद सैफ पुत्र अली अहमद निवासी सिंगठी खालसा उसके खेत से गन्ना तोड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपी नाराज हो गए और मारपीट पर आमादा हो गए।

आरोप है कि उन्होंने जान से मारने और बाद में देख लेने की धमकी दी। पुलिस को सूचना देने की बात कहने पर थाने और पुलिस के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया।

थाने में समझौते का दबाव बनाने का आरोप

पीड़ित ने शिकायत में आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं, परिजनों का आरोप है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाय दोनों पक्षों को थाने में बैठाकर समझौते का दबाव बना रही है। परिजनों के मुताबिक, समझौता नहीं करने पर मुकदमा दर्ज करने की बात कहकर दबाव बनाया जा रहा है।

संक्षेप

गाड़ी सवार को लाठी-डंडों से पीटा

सीसीटीवी में दिखे करीब आधा दर्जन हमलावर; घायल का उपचार जारी, पुलिस जांच कर रही

बागपत , बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में शाम करीब 7:30 बजे गाड़ी से उतरे एक व्यक्ति को करीब आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। यह घटना दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सड़क किनारे हुई। हमलावरों ने व्यक्ति के सिर पर डंडा मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद उस पर करीब 20 बार लाठी-डंडों से हमला किया गया। वीडियो में आसपास लोग मौजूद दिख रहे हैं, लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की। लोगों के इकट्ठा होने पर हमलावर मौके से भाग गए। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को अभी शिकायत नहीं मिली है। सीसीटीवी के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

रिवॉल्वर लाइसेंस की शिकायत के बाद महिला को धमकी

बागपत में इरशाद और गुलफकाम पर गाली-गलौज, झूठे मुकदमे में फंसाने का दबाव बनाने का आरोप

बागपत। चांदीनगर थाना क्षेत्र के गोनां गांव में एक महिला ने दो लोगों पर लगातार धमकी देने, गाली-गलौज करने और झूठे मुकदमों में फंसाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पीड़िता साहिरा के अनुसार, उसने पूर्व में इरशाद नाम के व्यक्ति के खिलाफ नाम और पहचान बदलकर रिवॉल्वर का लाइसेंस बनवाने की शिकायत की थी। आरोप है कि इसी शिकायत से नाराज होकर इरशाद और गुलफकाम उसे लगातार परेशान कर रहे हैं। दोनों की ओर से उसे और उसके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। साथ ही झूठे मुकदमों में फंसाने का दबाव भी बनाया जा रहा है। महिला का आरोप है कि 19 नवंबर को उसके भाई के साथ डॉक्टर की दुकान के पास दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी थी। पीड़िता का कहना है कि उसने चांदीनगर थाने में भी शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर महिला अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची।

कार में साइड लगने पर ई-बस चालक को पीटा

मेरठ में चौकी के सामने मारपीट, चालक लहूलुहान

मेरठ , पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में शनिवार शाम इलेक्ट्रिक बस की कार में साइड लगने पर विवाद हो गया। कार सवारों और बस चालक के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि कार सवारों ने बस चालक के साथ मारपीट की। इसमें चालक घायल हो गया और उसके कपड़ों पर खून लग गया। घटना पल्लवपुरम पुलिस चौकी के सामने फ्लाईओवर के नीचे हुई।

चांदपुर के दंपति ने करोड़ों का किया घोटाला मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



चिटफंड घोटाले के पीड़ित रामऔतार तथा उसकी पत्नी

अमौली, फतेहपुर ,जनपद के चांदपुर थाना कस्बे गांव के निवासी तथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के सक्रिय सदस्य धर्मेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय राम विशाल सिंह तथा उनकी पत्नी सुनीता सिंह के ऊपर चिट फंड कंपनी में करोड़ों के घोटाले का आरोप लगा ग्रामीण रामऔतार पुत्र स्वर्गीय छेदुवां ने नजदीकी थाना में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि विगत वर्ष 2014 में ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी द्वारा बताया गया कि एक एमडीएस इंफ्राबिल लिमिटेड इन्वेस्ट कंपनी है जिसका मुख्य कार्यालय हमीरपुर में है यहां 5 वर्ष में पैसा दोगुना हो जाता है वहीं 5% अतिरिक्त बोनस भी प्राप्त होता है पीड़ित ने बताया कि यह सुनकर अनपढ़ पीड़ित ने अपनी खेती को बेचकर 5 लाख रुपए धर्मेंद्र सिंह के माध्यम से जमा किए समय बीतने पर वर्ष 2019 में किसान द्वारा जमीन की गई धनराशि की मैच्योरिटी नहीं हुई जिसकी जानकारी के लिए पीड़ित मुख्य कार्यालय हमीरपुर पहुंचा जहां पहुंचने पर पीड़ित को वास्तविकता मालूम हुई तथा सैकड़ो लोगों ने बताया कि उनका पैसा मारकर धर्मेंद्र सिंह तथा उसकी पत्नी सुनीता सिंह रफू चक्कर हो गए यह सुनकर पीड़ित के होश उड़ गए तथा वह गांव के ही निवासी तथा चिटफंड कंपनी के संचालक धर्मेंद्र सिंह के घर पहुंचा जहां प्रथम बार में आधार पैन कार्ड तथा ओरिजिनल बांड जमा करने की बात समझा दी गई तथा मामले को टाल दिया गया वही समय बीतने पर किसान ने पुनः निवेदन किया तो उसे डरा धमका दिया गया तथा गलत मामलों में फंसा देने का धमकी दी गई आहत होकर पीड़ित ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी तथा जमा किए गए 5 लाख रुपए का भुगतान 1050000 रुपए दिलाने की मांग की जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तत्काल धर्मेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय राम विशाल सिंह तथा सुनीता सिंह पत्नी धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 319(2) ,318 (4) 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की

भक्तों ने किया गोवर्धन पूजा भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण ने किया पूतना का उद्धार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, जनपद के खजुहा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव नरैचा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कल मंच पर विराजमान कथा व्यास पंडित यदुनाथ अवस्थी ने भक्तों को पूतना राक्षसी के वध की कथा श्रवण कराई वहीं अनेक लीलाओं को व्यक्त करते हुए कथा व्यास ने गिर्राज पर्वत अर्थात गोवर्धन भगवान की पावन कथा सुनाया जहां भगवान श्री कृष्ण ने सभी ग्वाल वालों समेत नंदगांव वासियों से देवराज इंद्र के स्थान पर गिरिराज पर्वत का पूजन कराया वही इंद्र के अहंकार को समाप्त करने के लिए स्वयं अपनी उंगली पर गिरिराज को धारण किया समूचे पंडाल में भक्तों ने गोवर्धन पूजा करते हुए जमकर जयकारे लगाए वहीं मंच के माध्यम से कथा व्यास ने बताया कि हम सभी को अहंकार का त्याग करते हुए प्रकृति की रक्षा करना चाहिए कलयुग में प्रकृति ही ईश्वर का स्वरूप है नदियां पर्वत तथा वृक्षों समेत कलयुग की पूजनीय गौ माता की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए कथा के समापन में मुख्य परीक्षित समय सभी भक्तों ने महा आरती करते हुए प्रसाद को ग्रहण किया इस अवसर पर कथा पंडाल में भारी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्त गण पावन कथा सुनकर मंत्रमुग्ध होते रहे

अनियंत्रित चार पहिया वाहन की टक्कर से दो बहनों समेत भाई घायल



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बकेवर तथा खजुहा के मध्य स्थापित चौधरी नरेंद्र प्रताप सिंह महाविद्यालय के सन्निकट एक चार पहिया वाहन के अनियंत्रित हो जाने से कई लोग घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार महमूदपुर गांव निवासी राहुल पुत्र महेश कुमार सामान की खरीदारी करने बकेवर कस्बे जा रहा था जहां बाइक में चालक राहुल के साथ बहन सुलेखा तथा काजल भी मौजूद थे ठीक उसी समय एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को भीषण टक्कर मार दी जहां टक्कर लगने पर बाइक सवार चालक 20 वर्षीय राहुल पुत्र महेश तथा बहन 18 वर्षीय सुलेखा काजल आदि गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा गया जहां सभी का उपचार जारी है

बालों में कलर कराने पर भड़का पति, काटी चोटी

मेरठ में पत्नी बोली- अवैध संबंधों का शक करता, तेजाब डालने की धमकी दी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पति ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की चोटी काट दी। आरोप है कि उसने पत्नी पर तेजाब डालने की भी कोशिश की और विरोध करने पर मारपीट की। महिला ने किसी तरह डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाया। इसके बाद महिला अपनी कटी चोटी लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। महिला ने पति के अलावा सास, जेठ और देवर के खिलाफ भी शिकायत दी है। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन की है।

बालों में कलर लगाने पर भड़का पति

श्यामनगर की रहने वाली युवती का निकाह करीब तीन साल पहले समर गार्डन के रहने वाले रिहान से हुआ था। महिला का आरोप है कि पति काफी समय से उस पर अवैध संबंधों का शक करता है। इसी बात को लेकर उसे परेशान करता है। महिला ने अपने बालों में कलर लगाया था। इससे नाराज होकर रिहान ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसकी चोटी काट दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और तेजाब डालने की कोशिश की पीड़िता ने किसी तरह डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बचाया।

इसके बाद शाम हुमा अपनी कटी हुई चोटी लेकर लिसाड़ी गेट थाने पहुंची। उसने पुलिस को पूरी घटना बताई और कार्रवाई की मांग की। महिला ने पति रिहान, सास रोशन, जेठ साहिल और देवर सोनू के खिलाफ तहरीर दी है।

सड़क सुरक्षा अभियान में 150 वाहनों पर कार्रवाई

रॉन्ग साइड और ओवरस्पीडिंग समेत हेलमेट-सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों पर की सख्ती

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2026 के तहतपरिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर में प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर करीब 150 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल, रॉन्ग साइड और ओवरस्पीडिंग के मामले सामने आए। अभियान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुधांशु रंजन और विंध्याचल गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें ट्रैफिक पुलिस के यातायात प्रभारी संतोष कुमार भी शामिल रहे। टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। साथ ही निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और रॉन्ग साइड से बचने की हिदायत दी गई। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाना और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद और दूसरों की जान बचाने के लिए जरूरी है। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत आगे भी अभियान जारी रहेगा।

शादी का झांसा देकर दीपक बनकर युवती से बनाए संबंध

मेरठ में एसएसपी ऑफिस पहुंची युवती, बोली-फैसल बना रहा धर्म बदलने का दबाव

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नौचंदी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने मुंडाली क्षेत्र के युवक पर पहचान छिपाकर दोस्ती करने और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक ने खुद को दीपक बताकर उससे दोस्ती की थी। करीब एक साल बाद उसकी असली पहचान फैसल के रूप में सामने आई। इसके बाद जब युवती ने शादी करने की बात कही तो आरोपी ने शादी के लिए इस्लाम धर्म कबूल करने की शर्त रख दी। युवती ने धर्म परिवर्तन से इनकार किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। शनिवार को पीड़िता एसएसपी कार्यालय पहुंची और अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। दरअसल, नौचंदी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी युवती शनिवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची। यहां उसने अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि करीब एक साल पहले उसकी मुलाकात मुंडाली थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से हुई थी।युवक ने अपना नाम दीपक बताया और धीरे-धीरे उससे दोस्ती कर ली। युवती का आरोप है कि इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया युवती के मुताबिक, करीब एक साल बाद उसे युवक की असली पहचान फैसल के रूप में पता चली। इसके बाद उसने फैसल से शादी करने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया। आरोप है कि फैसल ने कहा कि अगर उसे शादी करनी है तो पहले हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म कबूल करना होगा। युवती ने धर्म परिवर्तन करने से साफ इनकार कर दिया।पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

कार सवार ने तीन जगह की फायरिंग

कार, दुकान और घर के बाहर की वारदात, घटना सीसीटीवी में कैद

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में कार सवार युवक ने एक ही रात में तीन अलग-अलग स्थानों पर फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। रात आठ बजे से सुबह पांच बजे के बीच हुई इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में डर का माहौल रहा। आरोपी ने घरों के बाहर खड़ी कारों को निशाना बनाया। फायरिंग की कुछ घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, रात करीब दो बजे कार सवार युवक शरद चौधरी के घर के बाहर पहुंचा। यहां उसने घर के बाहर खड़ी कार पर कई राउंड गोलियां चलाईं। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रात करीब 2:15 बजे एस-11 के पास भी शरद चौधरी के घर के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। वहीं, तीसरी घटना सुबह करीब 5:15 बजे शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 स्थित दयानंद पार्क के पास हुई। एक ही रात में अलग-अलग जगहों पर गोलियां चलने से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। घटनाओं के बाद इलाके में पुलिस की रात्रि गश्त और वाहन चेकिंग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। शालीमार गार्डन थाना प्रभारी अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि कुलदीप कसाना नाम के युवक ने शालीमार गार्डन के साथ टीला मोड़ थाना क्षेत्र में भी फायरिंग की है। उन्होंने बताया कि कुलदीप बदमाश किस्म का व्यक्ति है और उसके खिलाफ शिकायत मिली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ईरानी गैंग ने धोखाधड़ी कर मेरठ में ठगा था सोना

5 अंतरराज्यीय आरोपी अरेस्ट, मनोकामना पूर्ति कराने का झांसा देकर करते थे ठगी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, सराफा बाजार में धनतेरस के दिन सराफा कारीगर के साथ हुई सोना ठगी की घटना का खुलासा कर दिया है। देहली गेट थानापुलिस और स्वाट टीम ने मिलकर रात ठगी की घटना के 5 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। ये पांचों आरोपी ईरानी गैंग के मेंबर हैं। जो लोगों को पूजापाठ और मनचाही इच्छा पूरी करने का झांसा देकर फंसाते है। इसके बाद उनसे सोना, चांदी और पैसा लूटते हैं। पुलिस ने जिन 5 आरोपियों को अरेस्ट किया है, उसमें 4 आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को सम्मानित करने की भी घोषणा की है। धनतेरस के दिन की थी ठगी इस गैंग ने धनतेरस के दिन मेरठ के सराफा बाजार में सोना कारीगर के साथ धोखाधड़ी करते हुए उससे 32 ग्राम सोना ठग लिया था। इसकी तहरीर भी पीड़ित की ओर से देहली गेट थाने में दी गई थी। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी थी। रात पुलिस ने इन पांचों को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार हुए पांचों आरोपियों ने पुलिस इंटेरोगेशन में बताया कि वो ईरानी गैंग के सदस्य हैं। लंबे समय से मेरठ और आसपास के इलाकों में इसी तरह लोगों को धोखाधड़ी करके ठगते चले आ रहे हैं। घटना करने का तरीक पूछताछ में आरोपियों ने बताया- हम लोग बहुत प्लानिंग के साथ ठगी करते हैं। गैंग के 5 से 6 सदस्य एक साथ वारदात को अंजाम देते हैं। हम सराफा बाजारों में जाते हैं। वहां धार्मिक आस्था का सहारा लेकर लोगों को पहले भरोसे में लेते हैं फिर ठगी करते हैं। गिरोह का एक सदस्य स्वयं को ख्वाजा गरीब नवाज का मुरीद अथवा खादिम का पुत्र बताकर धार्मिक व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता था, जबकि अन्य सदस्य पहले से तय योजना के अनुसार अनजान व्यक्तियों की भूमिका निभाते थे हम सामने वाले आदमी से पहले गुलाब का फूल मंगवाने, दुआ करने एवं मन की बात बताने जैसे बातें कहते हैं। इससे पीड़ित का विश्वास जीतते थे। धार्मिक दीदार कराने के बहाने पीड़ित को अपनी सोने की सामग्री किसी अन्य सदस्य के पास रखकर कुछ दूरी तक जाने के लिए कहते थे। पीड़ित के दूर जाते ही गिरोह के सभी सदस्य सोना लेकर मौके से फरार हो जाते थे। सज्जाद है गिरोह का मास्टरमाइंडदेहली गेट थाना एसओ राहुल कुमार ने बताया- पकड़े गए आरोपियों में सरवर अली 23 साल, सज्जाद 36 साल, मुजाहिद 28, मो. सादिक 28 और सद्दाम कुल 21 साल का युवा है। सरवर के ऊपर देहली गेट थाने में एक मुकदमा है। सज्जाद पर रायबरेली में 4 और मेरठ में एक मुदकमा है। मुजाहिद, सद्दाम पर भी एक और सादिक पर दो मुकदमे हैं। पूरे गिरोह का लीडर सज्जाद है। पुलिस का बयान पढ़िए.. एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया- स्वाट टीम और थाना देहली गेट टीम ने ईरानी गैंग के 5 सदस्यों को पकड़ा है।

युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

परिवार गया था खाटू श्याम कीर्तन में, पुलिस कर रही जांच

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की सदरपुर कॉलोनी में 23 वर्षीय युवक ने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खाटू श्याम के कीर्तन में शामिल होने गए थे। युवक ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो भी बनाया था। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिवार गया था खाटू श्याम

पुलिस के मुताबिक सदरपुर कॉलोनी में रहने वाला 23 वर्षीय अजय परिवार के साथ रहता था। उसके परिवार के सदस्य खाटू श्याम के कीर्तन में शामिल होने गए थे। इस दौरान अजय घर पर अकेला था। शनिवार तड़के उसने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी।

आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो

बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने से पहले युवक ने एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने अपनी बात कही है।

पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरों को लगी गोली

1.50 लाख कैश, लूटी गई चेन का टुकड़ा और चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, फेस-2 थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट की घटना में वांछित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। देर रात एनएसईजेड के पास गंदा नाला पुस्ता रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। इस पर दोनों बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगे और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आदित्य उर्फ सन्नी उर्फ आदि (21) निवासी मथुरापुर, ग्रेटर नोएडा और नसीम अली उर्फ रियाज (23) निवासी एटा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, 1.50 लाख रुपये नकद, लूटी गई चेन का एक टुकड़ा और चोरी की एफजेड मोटरसाइकिल बरामद की है।

चार बदमाशों ने मिलकर की थी लूट

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने दो अन्य साथियों अभिषेक कुमार और मनोज उर्फ मल्लाह के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में लूटपाट करते हैं। 30 अक्तूबर की रात चारों ने नया गांव के पास दो स्कूटी सवारों को तमंचे के बल पर रोक लिया था। आरोपियों ने उनसे बैग और गले की चेन लूट ली थी। बैग में करीब 1.75 लाख रुपये रखे थे। आरोपियों ने करीब 25 हजार रुपये खर्च कर दिए।

नोएडा पुलिस और आबकारी का ज्वाइंट एक्शन

पफ एंड स्पाइस कैफे पर रेड, मैनेजर गिरफ्तार, बिना लाइसेंस परोस रहे थे शराब

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,सेक्टर-118 स्थित एक कैफे में बिना लाइसेंस शराब परोसने का मामला सामने आया है। शनिवार रात को आबकारी विभाग और सेक्टर-113 थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने क्रिकेट ग्राउंड स्थित पफ एंड स्पाइस कैफे पर छापेमारी की। इस दौरान बिना इवेंट बार लाइसेंस के ग्राहकों को शराब परोसते हुए बार मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, कैफे संचालक मौके से फरार हो गया।

इतनी शराब बरामद हुई

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 संजय कुमार और सेक्टर-113 थाना पुलिस की टीम ने यह एक्शन लिया है। मौके से 16 कैन बडवाइजर मैग्नम बीयर बरामद हुई। प्रत्येक कैन 500 एमएल की थी इसके अलावा ब्लैक एंड व्हाइट विदेशी शराब की दो खाली बोतलें भी मिलीं। सभी कैन और बोतलों पर 'फॉर सेल इन उत्तर प्रदेश ओनली' अंकित था। बरामद शराब की कुल मात्रा आठ बल्क लीटर बताई गई है।

मैनेजर को मौके से पकड़ा

पुलिस ने मौके से बार मैनेजर चंद्र मोहन निवासी अल्मोड़ा, उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया। जबकि कैफे संचालक अंकुर सक्सेना फरार हो गया। दोनों के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति ने मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती

सपना मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किए पुष्प अर्पित

अमन लेखनी समाचार

झांसी। एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की जयंती सपना मैरिज गार्डन झांसी में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के जीवन, संघर्ष, राजनीतिक योगदान एवं समाज के प्रति उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेताजी के विचारों और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कथा व्यास यदुकुल नंदन सांवरिया सरकार, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा, मंडल उपाध्यक्ष निसार खान साकिन, मंडल सचिव राजेंद्र साहू, पप्पू सेठ, जिला अध्यक्ष यदुवंशी महासभा भवानी सिंह यादव मिनी, मंडल उपाध्यक्ष संतोष यादव सोंराई, नारायण यादव ठेकेदार, अभय प्रताप सिंह राजावत, डॉ. धर्मेंद्र यादव, राहुल यादव, इंद्रपाल राजपूत, अरविंद सेन, दीपक यादव बिजौली, चंचल यादव टहरौली, भगवान सिंह यादव पाली, अंशुल यादव, कल्लू कुरैशी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, साहब शाहिद खान, अयान खान, ताहिर खान, सुनील रैकवार अमरा, शमशाद खान साकिन, शफीक बरुआ सागर, प्रेम सिंह यादव पार्लर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गुरसराय पुलिस ने 15 लाख की लूट का किया खुलासा, मुठभेड़ में दो आरोपी गिरफ्तार

अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी एवं सोने के आभूषण बरामद

अमन लेखनी समाचार



झांसी ! थाना गुरसराय पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में 15 लाख रुपये की लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उनके कब्जे से 50,270 रुपये नकद, सोने के आभूषण, दो अवैध तमंचे, कारतूस, चार मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर 2026 को झांसी निवासी अनुराग सिंह अपनी स्कॉर्पियो से पत्नी और छह वर्षीय बेटे सार्थक के साथ गुरसराय क्षेत्र के एरच रोड स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाने पहुंचे थे। इसी दौरान चालक आशीष अवस्थी बच्चे सहित स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। बाद में मोठ क्षेत्र के कुम्हरार पुल के पास वाहन और बच्चा सकुशल मिल गए, लेकिन गाड़ी में रखे 15 लाख रुपये और महिला का मोबाइल फोन गायब था। मामले में 11 नवंबर को थाना गुरसराय में मुकदमा दर्ज कर पुलिस की चार टीमें गठित की गई थीं। पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा पीयूष कुमार पांडेय ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 21/22 नवंबर की मध्यरात्रि मुखबिर की सूचना पर ग्राम अड़जरा के आगे सोलर पावर प्लांट गैस गोदाम मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने चालक आशीष अवस्थी और उसके साथी विशाल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय भेजा गया। पुलिस ने आशीष के कब्जे से 31,120 रुपये, सोने के दो टॉप्स और एक सोने की जंजीर तथा विशाल के पास से 19,150 रुपये और सोने की पतली चेन बरामद की। इसके अलावा दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। बरामद सोने के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 1.60 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष अवस्थी निवासी झांसी और विशाल शर्मा निवासी लखनऊ शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विशाल शर्मा के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आशीष के विरुद्ध गुरसराय के मुकदमे सहित दो मामले दर्ज बताए गए हैं।कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी, उपनिरीक्षक सूर्यकांत त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अमृत सिंह, कांस्टेबल अमन तिवारी, अभिषेक सिंह, नीतेश तथा सर्विलांस टीम प्रभारी मोहित यादव और स्वाट टीम के अर्पित चौहान, सत्यम मिश्रा एवं कपिल चाहर शामिल रहे। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

टोड़ीफतेहपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, साइबर ठगी की शिकार युवती के रुपये कराए वापस

अमन लेखनी समाचार

झांसी (टोड़ीफतेहपुर)। साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टोड़ीफतेहपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपीआई (वढक) फ्रॉड की शिकार एक युवती की ठगी गई धनराशि वापस करा दी है। ग्राम बगरौनी (थाना टोड़ीफतेहपुर, जनपद झांसी) निवासी सोनम पुत्री हरचरन अहिरवार के साथ साइबर ठगों द्वारा यूपीआई के माध्यम से फ्रॉड किया गया था। पीड़िता की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक साइबर अपराध एवं क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना टोड़ीफतेहपुर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ठगी गई रकम को होल्ड कराया और एमआरएम (टफट) पोर्टल के माध्यम से कुल 1920.30 रुपये पीड़िता के खाते में वापस कराए।



सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम:

इस सफल कार्रवाई में थानाध्यक्ष पवन जायसवाल, उपनिरीक्षक दामोदर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अवदेश रजक और कांस्टेबल रत्नेश सिंह चौहान (थाना टोड़ीफतेहपुर, झांसी) शामिल रहे। अपनी रकम वापस मिलने पर पीड़िता ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

शीतलापुर में धूमधाम से मनाया गया बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव, 3 किलो के केक से लगा भोग

देर रात तक गूंजते रहे भजन

अमन लेखनी समाचार



सिंगाही खीरी - क्षेत्र के ग्राम शीतलापुर में शुक्रवार को हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शीतलापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और श्याम प्रेमी एकत्रित हुए। बाबा के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा गांव शाम से ही श्याममय हो उठा।

भक्तिभाव से लगा 3 किलो के केक का भोग

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा श्याम का भव्य दरबार और उनका अलौकिक श्रृंगार रहा। जन्मदिन की खुशी में श्याम प्रेमियों ने एकत्रित होकर विशेष पूजा-अर्चना की और महाआरती के बाद बाबा खाटू श्याम को 3 किलो के विशेष केक का भोग लगाया। केक कटते ही पूरा पंडाल 'हारे के सहारे की जय' और 'खाटू नरेश की जय' के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को केक व अन्य मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया।

शाहजहांपुर के कलाकारों की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने के लिए शाहजहांपुर से विशेष रूप से आमंत्रित 'निखिल अलबेला झांकी ग्रुप' के कलाकारों द्वारा रात्रि में सुंदर और मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। कलाकारों की जीवंत झांकियों और भजन संध्या का आनंद लेने के लिए देर रात तक पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। अव्यवस्था से बचने के लिए रहे पुख्ता इंतजाम कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय श्याम प्रेमियों और युवाओं का विशेष योगदान रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, प्रकाश और प्रसाद वितरण की सुचारू व्यवस्था की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

आठ दिन बाद भी मां-बेटी पर हंसिया से हमला करने वाला आरोपी फरार, पुलिस के हाथ खाली

अमन लेखनी समाचार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। थाना हैदराबाद की पुलिस चौकी अजान क्षेत्र के गांव शहाबुद्दीनपुर में मां-बेटी पर हंसिया से जानलेवा हमला करने वाले अज्ञात आरोपी का आठ दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। गंभीर रूप से घायल नाबालिग बेटी का उपचार जारी है, जबकि आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में भय बना हुआ है। घटना 12 नवंबर की दोपहर करीब 12 बजे की है। गांव निवासी किरन देवी (50) अपनी नाबालिग बेटी के साथ गांव के उत्तर सरायन नदी के किनारे स्थित गन्ने के खेत में चारा लेने गई थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा और दोनों को अपने साथ चलने के लिए कहा। विरोध करने पर आरोपी ने हंसिया छीनकर मां-बेटी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। हमले में नाबालिग के बाएं हाथ, कंधे और कलाई पर गहरे घाव आए, जबकि किरन देवी की कलाई और उंगलियां कट गईं। बेटी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके बाएं हाथ की सर्जरी करनी पड़ी। कंधे की हड्डी क्षतिग्रस्त होने के कारण चिकित्सकों को रॉड डालनी पड़ी। उसका उपचार अभी जारी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पिता की तहरीर पर जानलेवा हमले की गंभीरता के अनुरूप धाराएं नहीं लगाई गईं और केवल मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से पुलिस आसपास के गांवों के एक-दो युवकों को संदिग्ध बताकर पूछताछ के लिए उठा रही है, लेकिन अब तक असली हमलावर की पहचान और गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के मुताबिक घटना के बाद से गांव में असुरक्षा का माहौल है। महिलाएं और बच्चियां अकेले खेतों की ओर जाने से कतरा रही हैं। खेतों में काम करने वाली महिलाओं में भी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से मामले में हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी करने की मांग की है। इस संबंध में सीओ गोला जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, लेकिन अभी तक आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस की ओर से उसकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

कपरहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरी का प्रयास, चार कमरों के ताले तोड़े

अमन लेखनी समाचार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के कपरहा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने निशाना बनाया। बीती 19/20 नवंबर की रात चोरों ने विद्यालय के भंडार गृह समेत चार अन्य कमरों के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि कोई सामान चोरी नहीं हो सका, लेकिन भंडार गृह में रखा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अतुल त्रिवेदी ने हैदराबाद पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सुबह करीब नौ बजे से पहले जब वह विद्यालय पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे मिले। भंडार गृह में रखा गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन सहित अन्य सामान बाहर बिखरा पड़ा था। चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर अंदर रखे सामान को खंगाला, लेकिन कोई सामान ले जाने में सफल नहीं हुए। घटना की जानकारी इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने डायल 112 पर फोन करके दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं हैदराबाद पुलिस का कहना है कि चोरी के प्रयास की तहरीर मिली है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।



संपूर्णानगर चीनी मिल में बिना गन्ना ट्रॉली के हुआ पूजन, 72 लाख क्विंटल पेराई का लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार



संपूर्णानगर, खीरी। सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर में शुक्रवार को जीएम मोइनुल इस्लाम के नेतृत्व में पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस बार समारोह में गन्ने से लदी बैलगाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां नजर नहीं आईं। मिल परिसर में केवल ट्रकों पर लगी भूसियां और धान यार्ड में खड़े वाहन दिखाई दिए। बिना गन्ना ट्रॉलियों के पूजन समारोह संपन्न होने को लेकर भी चर्चा रही। मिल के सीईओ उदयभान ने बताया कि वर्ष 1984 के बाद यह पहला अवसर है, जब उद्घाटन समारोह में बैलगाड़ियों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की पूजा नहीं हुई। इन वाहनों का पूजन और उद्घाटन 25 नवंबर को कराया जाएगा। पूजन समारोह के बाद जीएम मोइनुल इस्लाम ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पहला इंडेंट सीसीओ की मांग के अनुसार जारी किया जाएगा। शुरूआत में इंडेंट कम रहेगा, लेकिन मिल का संचालन शुरू होने के बाद पूरी क्षमता से पेराई कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चालू पेराई सत्र में मिल के सामने 72 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। किसानों के भुगतान के संबंध में उन्होंने आश्वासन दिया कि गन्ने का भुगतान 72 घंटे के अंदर कराने का प्रयास रहेगा। इधर, मिल के पूजन समारोह के बावजूद किसानों की चिंताएं कम नहीं हुई हैं। किसानों का कहना है कि मिल के संचालन में देरी से खेत खाली होने में समय लग रहा है, जिससे गेहूं की बुवाई और अन्य फसलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों को उम्मीद है कि मिल जल्द नियमित रूप से चलेगी और गन्ने की पेराई के साथ भुगतान भी समय से होगा। इस बार बिना बैलगाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के संपन्न हुए पूजन समारोह को लेकर क्षेत्र में चचाएं बनी हुई हैं।

बजाज चीनी मिल पर किसानों का हल्लाबोल! 100 प्रति कुंतल अग्रिम भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान

पिछले सत्र का 172 करोड़ रुपये गन्ना भुगतान बकाया, किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन।

अमन लेखनी समाचार



गोला गोकर्णनाथ खीरी)। बजाज चीनी मिल गोला में किसानों की आर्थिक समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मोर्चा खोल दिया। नए पेराई सत्र में ?100 प्रति कुंतल अग्रिम भुगतान की मांग को लेकर संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने चीनी मिल परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने साफ कहा कि जब तक उनकी आर्थिक परेशानियों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक उनकी आवाज बुलंद होती रहेगी। धरने के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि गन्ने की छिलाई, ढुलाई, डीजल और मजदूरों की मजदूरी में लगातार खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में किसानों को गन्ना मिल तक पहुंचाने के लिए भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। किसानों की मांग है कि नए पेराई सत्र में ?100 प्रति कुंतल अग्रिम भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें शुरूआती खर्चों के लिए कर्ज और आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

172 करोड़ रुपये बकाया, किसानों की मेहनत की कमाई का इंतजार

किसान नेताओं ने बजाज चीनी मिल पर पिछले पेराई सत्र का लगभग 172 करोड़ रुपये गन्ना भुगतान बकाया होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके गन्ने की पैदावार करते हैं, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से उनकी खेती और घरेलू जरूरतों का बजट बिगड़ जाता है। ऐसे में नए सत्र की शुरूआत से पहले पुराने बकाये का भुगतान कराया जाना बेहद जरूरी है। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी को संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी/सचिव महोदय को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ?100 प्रति कुंतल अग्रिम भुगतान दिलाने और पिछले सत्र के लगभग 172 करोड़ रुपये के बकाये का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की गई।

गन्ने से भरे ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दंपती गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

फूलबेहड़ (खीरी)। शारदानगर क्षेत्र में शुक्रवार को गन्ने से भरे ट्रक और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी रमियाबेहड़ भेजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पढ़ुआ क्षेत्र के लुधौरी गांव निवासी चुन्ना लाल अपनी पत्नी चंद्रकली के साथ बाइक से लखीमपुर जा रहे थे। इसी दौरान शारदानगर क्षेत्र में टहारा और लौखनिया के बीच पीछे से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पति-पत्नी उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शारदानगर के क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



देवउठनी एकादशी पर निकली खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया भाग

अमन लेखनी समाचार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति की ओर से नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ त्रिलोकीनाथ मंदिर से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए देवस्थान कंजा पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और खाटू श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा में गोला विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा और धर्मेंद्र गिरी मोंटी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने निशान यात्रा में सहभागिता कर धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समिति के सदस्य सुधीर गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, सूरज सिंह, चिंटू सोनी, राजन गुप्ता, मृदुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, किशन गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, पुनीत गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, आदित्य गुप्ता, अशोक जोशी और अनूप गुप्ता सहित नगर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। आयोजन के समापन पर समिति के सदस्यों ने सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

ककरबई पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

आबकारी अधिनियम के मामलों में लंबे समय से चल रहे थे फरार

अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गरौठा के पर्यवेक्षण में अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ककरबई पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में लालाराम पुत्र मोतीलाल (55 वर्ष) एवं रीता कंजर पत्नी लालाराम (45 वर्ष) निवासी मलकाई डेरा, थाना ककरबई, जनपद झांसी शामिल हैं। दोनों आरोपी आबकारी अधिनियम से संबंधित मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के तहत वांछित थे। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

जल जीवन मिशन की पाइपलाइन में लीकेज से सड़क पर जलभराव, जगह-जगह बन रहे गड्ढे

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। ग्राम पंचायत पीरपुर में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। कई स्थानों पर पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण सड़क पर जलभराव हो रहा है। वहीं पानी के रिसाव से सड़क भी क्षतिग्रस्त होने लगी है, लेकिन शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पीरपुर निवासी संतलाल वर्मा के मकान के सामने करीब एक महीने से पाइपलाइन लीक हो रही है। लगातार पानी बहने से सड़क पर गड्ढा बनता जा रहा है। ग्रामीणों को आशंका है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो सड़क धंस सकती है और आवागमन के दौरान हादसा हो सकता है। इसी तरह राजेश कुमार के मकान के सामने भी काफी समय से पाइपलाइन में लीकेज बना हुआ है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए योजना चलाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर पाइपलाइन की खराबी से पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अवर अभियंता धीरेन्द्र कुमार पर फोन कॉल रिसीव न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समस्या की जानकारी देने के प्रयास के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से दोनों स्थानों पर पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कराने तथा सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते लीकेज बंद नहीं कराया गया तो पानी की बबार्दी के साथ किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहेगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



नवाजुद्दीन की सीरीज 'डॉ. हसन' का टीजर जारी...

मुंबई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी सीरीज 'डॉ हसन' का टीजर जारी कर दिया गया है। इसमें वह डॉ इमरान हसन का मुख्य किरदार निभा रहे हैं जो असंभव और रहस्यमयी बीमारियों का पता लगाने में माहिर है, लेकिन स्वभाव से बेहद अड़ियल, सनकी और चिड़चिड़ा है। सीरीज में उनके साथ दीया मिर्जा 'डॉ पलक जैन' के किरदार में नजर आएंगी। 'डॉ हसन' असल में मशहूर अमेरिकी मेडिकल ड्रामा 'हाउस' का हिंदी रूपांतरण है, जिसका निर्माण बनिजय एशिया द्वारा किया गया है। टीजर की शुरुआत नवाजुद्दीन के डायलॉग से होती है, 'कभी-कभी लोगों को लगता है कि डॉ भगवान का रूप होते हैं।'

लाइफ Style

आम्रपाली

'बिग बॉस 20' में छाईं, खुशी से झूमे निरहुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने अपनी को-स्टार आम्रपाली दुबे के लिए खुलकर समर्थन जताया है। आम्रपाली दुबे इस समय टीवी के सबसे बड़े रियलिटी शो में से एक बिग बॉस 20 में हैं।

निरहुआ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके आम्रपाली की जमकर तारीफ की और फैंस से उनके लिए वोट करने की अपील भी की। निरहुआ ने वीडियो में कहा, बिग बॉस में आम्रपाली क्या धुआंधार खेल रही हैं। उनका बेबाक अंदाज, उनकी बुद्धिमत्ता, उनकी सूझ-बूझ, उनका स्टाइल, सबकुछ ने लोगों को दीवाना बना दिया है. इतना बढ़िया खेल रही हैं कि हर कोई तारीफ कर रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आम्रपाली इस बार बिग बॉस की ट्रॉफी जीतकर ही आएंगी। निरहुआ बोले, हम सबको उम्मीद है कि वो बिग बॉस की ट्रॉफी जीत के आएं। वो पक्का जीतेंगी। सब लोग ये मान रहे हैं कि जितना बढ़िया खेल रही हैं, जितना धुआंधार खेल रही हैं, आम्रपाली एकदम से इस बार ट्रॉफी लेके ही आएंगी। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि निरहुआ और आम्रपाली भोजपुरी सिनेमा की सबसे हिट ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक मानी जाती है। आम्रपाली ने साल 2014 में फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके हीरो निरहुआ ही थे। पहली ही फिल्म से दोनों की केमिस्ट्री दर्शकों को इतनी पसंद आई कि उसके बाद दोनों ने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं।



हॉलीवुड मसाला



मशहूर गायिका माइली करने जा रही शादी

लॉस एंजिलस। अमेरिका की मशहूर पॉप सिंगर माइली साइरस अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। खबरों की मानें, तो वह हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी संगीतकार जैक ब्लेनी के साथ सगाई करने जा रही हैं। कैसी अजीबोगरीब स्थिति थी कि मई 2025 में उनके और ब्लेनी के बीच अफेयर की खबरें सामने आईं और उसी साल अगस्त में दोनों ने सगाई कर ली। लेकिन उनकी शादी की खबरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। 33 साल के ब्लेनी ट्रेनर ने एक अमेरिकन संगीतकार और गिटार हैं, जिन्हें लॉस एंजिलस के 4 लोगों के अल्टरनेटिव रॉक बैंड निर्वाण के सेकंड के तौर पर पहचाना जाता है।



'इयूनः पार्ट 3' के लिए भारत में खुलें एडवांस बुकिंग के दरवाजे

लॉस एंजिलस। हॉलीवुड थ्रिलर 'इयूनः पार्ट 3' इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। डेनिस विलेन्यूव की निर्देशित इस साइंस फिक्शन में टिमोथी चालमेट, जेंडया, जैंडट पैटिंसन, जेवियर बार्डेम और रेबेका फर्गुसन जैसे कलाकार हैं। फिल्म भारत में अगले महीने रिलीज हो रही है, जिसके लिए एडवांस बुकिंग के दरवाजे खुल गये हैं। खास बात, मार्केल की फिल्म सर्वेक्षण कुमारे के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और यह अगले महीने सिनेमाघरों में इयूनः पार्ट 3' से जमकर करेगी। फिल्म 19 दिसंबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। दिलचस्प बात यह है कि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' एक दिन पहले भारत में रिलीज होगी। पिंकविला के मुताबिक, 'इयूनः पार्ट 3' की एडवांस बुकिंग जोर भारत में 12 नवंबर से शुरू होने वाली है। इस खबर से अपडेट डेनी हुए एक सूत्र ने बताया कि सिर्फ़ इस शुक्रवार से भारत में 'इयूनः पार्ट 3' की एडवांस सेल शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



दो साल बाद संगीत की दुनिया में की वापसी

मुंबई। मशहूर पार्श्व गायिका अलका याग्निक संगीत की दुनिया में अपने सुरों का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। पिछले करीब 2 साल से वह अपने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते गायिकी और सिनेमा की चकाचौंध से दूर थीं। उन्होंने आखिरी बार इस साल जून में दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म पुरस्कार, 2026 में पुरस्कार ग्रहण करते हुए सोशल मीडिया पर चर्चा बटोरी थी। सुभाष घई ने ऐलान किया है कि अब गायिका शानदार वापसी करने जा रही हैं। सुभाष ने अपने इंस्टाग्राम पर अलका के साथ एक तस्वीर साझा की और उनकी वापसी का ऐलान किया। उन्होंने लिखा, 'जब मैं कल रात उनके घर गया और उन्हें 11 दिसंबर को जियो गार्डन में अपने म्यूजिकल सफर के 50 साल पूरे होने पर हमारे म्यूजिकल कॉन्सर्ट के लिए आमंत्रित किया, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।



वज्र से जुड़े मोहित, विलेन के रूप में आएंगे

मुंबई। एक्शन फिल्मों के शौकीनों के लिए बड़ी खबर है। मोहित मलिक फिल्म 'वज्र' में टाइगर श्रॉफ के सामने विलेन का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म को राम माधवानी निर्देशित कर रहे हैं, वहीं महावीर जैन इसके निर्माता हैं। फिल्म की शूटिंग जापान में की जाएगी। मोहित का किरदार अभी तक रहस्य बना हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि कहानी में उनकी भूमिका काफी अहम होने वाली है। यह पहली बार होगा जब मोहित पर्दे पर टाइगर से सीधे टकराते दिखेंगे, ऐसे में दोनों के बीच एक नई ऊर्जा देखने को मिलने की उम्मीद है। 'विरुपाक्ष' और 'लोहार' के दमदार किरदार के बाद, यह फिल्म मोहित को अपनी अभिनय क्षमता दिखाने का एक बड़ा अवसर देगी। 'वज्र' फिल्म के केंद्र में एक्शन होगा, लेकिन मोहित के किरदार से जुड़ी और जानकारी फिलहाल गोपनीय रखी गई है।

टीवी मसाला



अक्षय, करण और जीनत अमान लगाएंगे बिजनेस का दांव

मुंबई। ओटीटी की दुनिया में एक बार फिर स्टारर और बिजनेस का जबरदस्त मेल देखने को मिलने वाला है। रियलिटी शो 'पिच टू गेट रिच' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। शो का टीजर रिलीज होने के साथ ही इसकी स्ट्रीमिंग डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। फैशन एंटरप्रेन्योर फंड का यह शो 4 दिसंबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। इस बार शो में 100 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट पूल दांव पर है। इसी हासिल करने के लिए 20 नए फैशन फाउंडर्स अपने बिजनेस पिच पेश करते नजर आएंगे।

अब्बर बड़ी हस्तियां भी रहेंगी मौजूद : 'पिच टू गेट रिच 2' की खबरें बड़ी चार्जिंग इसकी शानदार स्टार कास्ट है। इस सीजन में अक्षय कुमार, करण जौहर, मलाइका अरोड़ा, जीनत अमान, मसाबा गुप्ता, शार्मिन पारी और अलवीर खोपर नजर आएंगे। ये सभी अपने अनुभव और संबंधों के जरिए नए फैशन उद्यमियों को परख करेंगे। शो में फाउंडर्स को सिर्फ अपने डिजाइन और फैशन आइडिया ही नहीं, बल्कि बिजनेस को समझ, ब्रांड की रणनीति और भविष्य की रोजनाओं के बारे में भी बताना होगा।

उर्फी जावेद के ब्रांड की भी होगी एंट्री : इस सीजन में कुल 20 फैशन फाउंडर्स और उनके ब्रांड्स हिस्सा ले रहे हैं। इनमें उर्फी जावेद के 'उर्फी डिफरेंस' का नाम भी शामिल है। इसके अलावा सौरभके, बीवाली, सदसूट, शेजार, अदूकर जयपुर, गैमिस, शाहीबाग डिजाइनर, पैशन पैट, फराना, सूफ बाय जीनत पोल, डॉ. मैरिसिसाज, कॉन्ट्रास्ट बाय पार्थ, मिरांशेल, शिशी, अमुक्ता एनिफेरिसेंस, हितेन रामचंदर और टर्म्स जैसे ब्रांड्स भी अपनी पिच पेश करेंगे।

अक्षय ने बताई शो की खासियत

शो के टीजर में दिखाया गया है कि इस बार प्रतिभागियों को अपने आइडिया के साथ-साथ अपनी बिजनेस समझ को साबित करनी होगी। अक्षय कुमार ने शो को लेकर कहा कि फैशन की दुनिया में कई लोगों के पास शानदार नजरिया और क्रिएटिव आइडिया होते हैं, लेकिन बिजनेस खड़ा करना बिल्कुल अलग खेल है।

कौन सा फैशन ब्रांड बना पाएगा जगह

अक्षय कुमार ने बताया कि उन्हें शो में वह पल सबसे ज्यादा पसंद आता है, जब कोई फाउंडर अपना आइडिया सामने रखता है और दूसरी ओर उस पर करोड़ों रुपये लगाने के लिए जजों में होड़ मचती है। अक्षय के मुताबिक, दूसरे सीजन में कई दिलचस्प ब्रांड्स देखने को मिलेंगे। अब देखना होगा कि शो-स फैशन ब्रांड 100 करोड़ रुपये के इस निवेश पूल में अपनी जगह बना पाता है।

बॉलीवुड से कहीं ज्यादा सम्मान, पैसा और स्टारडम मुझे साउथ में मिला

मुंबई। रवीना ने अपने लंबे करियर को परिवार के लिए फिल्मों से दूर रहीं अनीता ग्रेवाल ने हाल ही में ऊंचाई इस की फिल्म 'आखिरी सलाम' से वहीं पर वापसी की। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए ऊंचाई ने उनकी शूटिंग शेड्यूल पर रखी थी। इस बीच उन्होंने नई महिलाओं के काम के घंटों पर चल रही बहस पर अपनी राय रखी और कहा कि बॉलीवुड के मुकाबले साउथ में काम करने का उनका अनुभव बेहतर रहा। उन्होंने संजय खान संग काम करने के अनुभव पर बताया, हम पहले भी कुछ फिल्में कर चुके हैं। शेड में बच्चों को मैनेजमेंट के कारण मैं सालों से फिल्मों और ओटीटी से दूर थी, क्योंकि उन्हें हफ्तों तक छोड़कर शूटिंग पर शूटिंग करने का सुझाव दिया। इस वजह के कारण मैंने दो तीन महीने हर वीकेंड शूट किया और काम का संतुलन आसान लिया।



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बताए अनुभव

उन्होंने ने कहा, साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का मेरा अनुभव बेहद शानदार रहा। मुझे साउथ ने बॉलीवुड के मुकाबले कहीं ज्यादा सम्मान, ब्लॉकबस्टर मसाला, पैसा और स्टारडम दिया। 18 साल बाद भी साउथ के फैंस उन्हें उतना ही प्यार देते हैं और आज भी मुझे फिल्म 'चालबाज अधिकम' की जेबा के रूप में याद करते हैं, जबकि बॉलीवुड में लोग मुझे शायद ही उस रोल में याद रखते हों।

मैंने खुद लंबी शिफ्ट की थी

उन्होंने ने जहां साउथ के काम के घंटों पर बात, मैंने खुद भी फिल्म के लिए तकरीबन लंबी शिफ्ट की थी, ताकि निर्माता का काम समय पर पूरा हो सके। गलती हूं कि नई मां के लिए हेल्थफोडिंग हार्मोनल बदलाव और काम एक साथ संभालना बेहद कठिन होता है, लेकिन ये दोनों तरफ की समझ का मामला है। अगर निर्माता छूट दे तो ठीक, वरना कलाकारों को भी समझना चाहिए, क्योंकि सेट पर रोजाना करोड़ों का दांव लगा होता है।

अभिजीत सावंत का खुलासा, इस एक्ट्रेस की फिल्म देखने पापा के बटुए से चुराए थे पैसे

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दूसरे सीजन आइडल लीजेंड्स रिटर्न में एक दिल को छू लेने वाला और पुरानी यादों से भरा पल देखने को मिला, जब गायक अभिजीत सावंत ने बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर के सामने एक खास राज शेयर किया। पुरानी यादों में खोते हुए अभिजीत ने एक्ट्रेस के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उनकी प्रतिष्ठित फिल्म रंगीला और उसके यादगार गीतों ने उनके मन पर कितना गहरा और स्थायी प्रभाव छोड़ा था। उनके इस बेबाक खुलासे ने शो में एक बेहद मनोरंजक और खुशनुमा पल बना दिया, जिसने उर्मिला के अनोखे आकर्षण और उनके अभिनय के उस सदाबहार जादू का जश्न मनाया, जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।



उर्मिला जी, आप मेरा पहला क्रश थे

उर्मिला से बात करते हुए अभिजीत ने कहा, उर्मिला जी, पहले तो जय महाराष्ट्र मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं। ये सार्वजनिक रूप से पहली बार टेलीविजन पर, पूरे हिंदुस्तान के सामने मैं ये कबूल कर रहा हूं कि मैं अपने पिताजी के बटुए से पैसे निकाल कर रंगीला फिल्म देखने गया था। मैं रंगीला के उसी गानों से बेहद प्यार करता था, और आप मेरा पहला क्रश थे, मैं चाहूंगा।

अभिजीत सावंत के बारे में : अभिजीत सावंत का म्यूजिकल करियर 2006 में इंडियन आइडल सीजन 1 से शुरू हुआ था, जिसकी ट्रॉफी उन्होंने अपने नाम की। इसके बाद उन्होंने अपना पहला एल्बम अपना अभिजीत सावंत रिलीज किया, जिसका नाम मोहब्बतें लुटाऊंगा काफी हिट रहा। इसके अलावा उन्होंने कई म्यूजिक एल्बम, रियलिटी शो और मनोरंजन कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। वह इन दिनों इंडियन आइडल लेजेंड्स में नजर आ रहे हैं।

अनन्या ने बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी

प्यार पर बोलीं- हमारी पीढ़ी समझौता नहीं करने वाली

पहले लोगों के पास ना कहने का विकल्प नहीं था

बातचीत में रहा बात उठी कि पुराने दौर के उलट, आज की अभिनेत्रियां अपने रिश्तों पर खुलकर बोलती हैं और करियर के बीच पर भी सादी कर रही हैं। इस पर अनन्या ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद वो लोग भी पहले से हिचकिचाहट पहले भी रहे होंगे, बस उन लोगों के पास 'ना' कहने की आजादी नहीं थी। लेकिन आज की पीढ़ी के पास ऐसे कई उदाहरण हैं, जिन्हें देखकर उनमें 'ना' कहने की हिम्मत आई है।

मैं शादी करना और बच्चे चाहती हूं : अनन्या

अनन्या बोलीं, मेरे लिए ऐसे उलझन का जवाब देना मुश्किल है, क्योंकि मैं बहुत रोमांटिक इंसान हूं। मेरे लिए प्यार ही सब कुछ है। मैं आखिरकार शादी करना चाहूंगी। जिंदगी के किसी पड़ाव पर मैं शादी करना और बच्चे पैदा करना चाहूंगी। मैं अपने आसपास के कपल्स को भी बिल्कुल ऐसा ही देखती हूं। प्यार के सामने मैं आज की पीढ़ी के पास पहले से ज्यादा विकल्प हैं, लेकिन प्यार को लेकर उनकी सोच आज भी पहले जैसी ही है।



मुंबई। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में एक कार्यक्रम 'लैंडस्केप लीडरशिप समिट 2026' में एक वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने फिल्मी करियर, आज के बॉलीवुड और कई अन्य दिलचस्प मुद्दों पर खुलकर बात की। एक खास बातचीत में अनन्या के सामने शादी और रिश्तों से जुड़ा सवाल भी आया, जिस पर उन्होंने बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी।

आज के युवाओं के प्यार को लेकर पैमाने बहुत ऊंचे हैं

अनन्या ने कहा, आज हमारे पास बहुत विकल्प बहुत ज्यादा हो गए हैं। लेकिन इससे यह सच्चाई नहीं बदल जाती कि हम सच्चे प्यार में यकीन करते हैं। हम भी आज उसी सच्चे प्यार की तलाश में हैं। हमारे मन में प्यार को लेकर एक पुरानी और खास भावना है, जिसे शायद हमने खुद कभी महसूस नहीं किया है, इसलिए प्यार को लेकर हमारे पैमाने भी बहुत ऊंचे हैं। हम किसी भी मामूली चीज से समझौता नहीं करने वाले।

अब 'कॉल मी बे 2' में नजर आएंगी

साल 2026 में अनन्या की सिर्फ एक फिल्म 'खो गये हम कहां' आई, जिसमें लोग तालाबंदी उनके साथ नजर आए। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, पर ये बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब अनन्या जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो के अपने हिट शो 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में दिखेंगी। इसमें मोहज के इस शो में बुरी हासन, वीर दास, तृणपतेह पांडजाबा और करण शुक्ल भी अहम भूमिकाओं में हैं। ये शो 27 दिसंबर को रिलीज होगा।

'हनुमान अंश' की निर्माता ने की 'रामायण' की तारीफ

मुंबई। नीतेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर ने भगवान राम का जो किरदार निभाया है, उसे काफी सराहना मिल रही है। हनुमान अंश से जुड़ी 21 साल की निर्माता अनुप्रिया नागर ने रणबीर के इस अभिनय को बेमिसाल बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अब उनका और ज्यादा काम देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। अनुप्रिया को 'बकी!' और 'तमाशा' जैसी उनकी पुरानी फिल्में भी बहुत पसंद हैं। 'रामायण' सिर्फ लोगों का दिल ही नहीं जीत रही है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई कर रही है। भारत में 15 दिनों के अंदर ही इसने हिंदी में 650 करोड़ की कुल कमाई कर ली है, वहीं दुनिया भर में इसकी कुल कमाई 1,500 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। आगे कोई बड़ी नई फिल्म रिलीज न होने के कारण, उम्मीद है कि यह फिल्म अभी और नए रिकॉर्ड बनाएगी।

